* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

16 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 354

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


भारत ने 7वीं बार जीता वीमेंस एशिया कप : फाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया




SURJABASHA








### मुख्यमंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया के सामने खुल कर रखी बात

# केंद्र से पैसे मांगो तो, 'भूत और बैताल' छोड़ देते हैं: हेमंत सोरेन

- विकास की बतायी योजना, तो विपक्ष पर भी साधा निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विकास के लिए खनिज संपदा का आधार होना चाहिए, लेकिन हम जैसे ही इसे लेकर आगे बढ़ते हैं, 'भूत और बैताल' (इडी, आयकर, सीबीआइ पर इशारा) का दौर शुरू हो जाता है। हम भी डरेंगे नहीं, किसी को नहीं छोड़ेंगे। तीन-चार माह पहले केंद्र से पांच-सात सौ करोड़ मिला था, लेकिन 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया है। केंद्रीय मंत्री आये थे। साथ मिल कर काम करने की बात कही, लेकिन जैसे ही दिल्ली गये, पैसे तो नहीं मिले, 'भूत-बैताल' जरूर छोड़ दिये। मुख्यमंत्री ने ये बातें तब कहीं, जब 'आजाद सिपाही' ने राज्य के विकास और केंद्रीय सहायता से संबंधित सवाल पूछा। दरअसल मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया था।



### अगर सरसों में ही भूत है, तो भागेगा कैसे?

अपने ऊपर लगे आरोपों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में ऐसा कोई है, जो अपने हाथ जोड़ कर महामहिम (राज्यपाल) से कह रहा है कि जो सजा है, उसे दें। मैं सजा का पात्र हूं, तो मैं असंवैधानिक रूप से इस पद पर बैठा हूं। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? एक संवैधानिक पद पर अपराधी बैठा है, वह बार-बार कह रहा है कि हमारी सजा बता दें। हमारे प्रतिनिधि भी महामहिम से मिले, मैं भी मिला, आरटीआइ से भी राज्यपाल का दरवाजा खटखटाया कि जल्दी बतायें, लेकिन नहीं। अब तक लग रहा है कि सजा नहीं बता कर मुझे सजा दी जा रही है। ऐसी स्थिति मेरे लिए सजा से कम नहीं है। हमारे विरोधी नैतिकता की बात कर रहे हैं, लेकिन यह तो राज्यपाल महोदय बता सकते हैं या उनके पीछे बैठे लोग बता सकते हैं, क्योंकि पीछे बैठे लोगों को सब कुछ पहले से ही पता रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार नियम-कानून से चलेगी। जिसके यहां मकई का एक दाना नहीं मिला, उसे अरेस्ट कर लिया और जिसके यहां पांच करोड़ मिला, उसे छोड़ देते हैं। हम पर आरोप है 88 डिसमिल का। हम 88 डिसमिल का घोटाला करेंगे, यह तो लिखनेवालों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए या मुझे चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। यह सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है। विपक्ष की साजिश है। यह सर्वविदित है कि जांच एजेंसियां और संवैधानिक संस्थाओं में पहले जैसी स्वायत्तता की झलकियां नहीं दिखतीं। उनके निर्णय, विचार और डायरेक्शन के पीछे कोई जरूर है, जो अपने तरीके से रख रहा है और करवा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरसों में ही भूत है, तो भागेगा कैसे?

सीएम ने चाईबासा के गोइलकेरा में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू होने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के पहले चरण में छह हजार शिविर लगाये गये थे। उसमें कमी-बेसी को ध्यान में रख कर दूसरा चरण शुरू किया गया है। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर मीडिया के सवालों का जवाब देना शुरू किया। उन्होंने हर सवाल का खुल कर जवाब दिया। राज्य के विकास की योजना बतायी, तो विपक्ष पर निशाना भी साधा।

### दो-तीन महीने में ही टूरिज्म के विकास का बम फूटेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एग्रीकच्लर, टूरिज्म, स्पोर्ट्स और हेल्थ पर काम तेजी से चल रहा है। परिणाम बहुत जल्द दिखेंगे। दो-तीन महीने में ही टूरिज्म के विकास का बम फोड़ेंगे। सभी संसाधनों को लेकर चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन हम मजबूती से समाधान कर रहे हैं। खेल में झारखंड को गोल्ड मेडल मिल रहा है। खिलाड़ियों को सम्मान मिल रहा है। राज्य के विकास के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार किया जा रहा है, थोड़ा समय लगेगा। शहर के साथ गांव के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए बहुत सारी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। जब से जीएसटी का कंसेप्ट आया है, अब हर राज्य को केंद्र के करवाजे पर हाथ जोड़ कर खड़ा रहना पड़ता है। जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां तो ठीक है, लेकिन जहां नहीं है, वहां वॉल्ब टाइट कर दिया जाता है। ताजा उदाहरण बिहार राज्य है, जहां अब बहुत सारी योजनाओं के पैसे रोक दिये गये हैं।


**(संबंधित खबर पेज-2 पर भी)**








आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 21.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.23 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.46 बजे |



### हिंदू त्योहारों के समय ही क्यों जारी होते हैं सनातन धर्म पर प्रहार करनेवाले विज्ञापन

# आखिर सनातनी ही सोच क्यों बदलें!

**आजाद सिपाही विशेष**

आजकल विज्ञापन कंपनियों को हिंदू त्योहारों, संस्कृति और उससे जुड़ी मान्यताओं की सोच बदलने की होड़ मची हुई है। पता नहीं इन विज्ञापन कंपनियों को सनातन धर्म से जुड़ी सोच ही क्यों बदलनी होती है। एक खास तरह के पैटर्न से ये कंपनियां हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती हैं। इन दिनों आमिर खान अभिनीत एक विज्ञापन को लेकर पूरे देश में विवाद छिड़ा है। यह विज्ञापन विवादित है या नहीं, यह बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन एक बात तय है कि पिछले कुछ सालों से हिंदू त्योहारों से ठीक पहले हिंदुओं की धार्मिक और सामाजिक मान्यताओं पर कटाक्ष करनेवाले विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। आमिर खान का हाल का विज्ञापन भी इसकी एक कड़ी है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है और ऐसे में यह संदेह पैदा होना स्वाभाविक है कि इस पूरे खेल के पीछे एक खास तरह का पैटर्न काम कर रहा है। इन विज्ञापनों में विदाई, कन्यादान, करवा चौथ, कुंभ मेला और दीपावली के पटाखे से लेकर होली के रंगों तक से दिक्कत बतायी जाती है और धड़ल्ले से दूसरे धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं-परंपराओं का महिमामंडन किया जाता है। इन विज्ञापनों में हिंदू घृणा और बुजुर्गों-बच्चों का इस्तेमाल करके भी प्रोपेगंडा का प्रसार किया जाता है। सामान्य विज्ञापनों में जहां प्रयास होता है कि वे लक्षित जनता को अपना उपभोक्ता बना पायें, तो वहीं बॉलीवुड गिरोह के लोग कोशिश करते हैं कि क्रिएटिविटी के नाम पर विज्ञापन में भी हिंदू रीति-रिवाजों पर सवाल उठा सकें। आमिर खान हों या आलिया भट्ट, सबने बीते सालों में यही किया है। आखिर इस तरह की कथित क्रिएटिविटी का औचित्य क्या है और इनके पीछे की मंशा क्या है, इन सवालों के जवाब तलाशे जाने जरूरी हो गये हैं, क्योंकि कुछ सेकेंड या मिनट के ये विज्ञापन हर उम्र और वर्ग के लोग देखते हैं। इसका सीधा सा जवाब यही हो सकता है कि आजकल विज्ञापनों से लेकर बॉलीवुड की दुनिया हिंदुओं की धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं की खिल्ली उड़ा कर तात्कालिक लाभ अर्जित करना चाहती है। इन विवादित विज्ञापनों के पीछे की मंशा और अर्थशास्त्र का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बीते कुछ सालों में एक पैटर्न बहुत आम हुआ है और वह है हिंदू त्योहारों के आते ही हिंदुओं की धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं पर प्रहार करने का। पहले यह काम बॉलीवुड वाले अपनी फिल्मों के जरिये करते थे, फिर यह सब सोशल मीडिया पर होना शुरू हुआ और अब हाल यह है कि कुछ सेकेंडों वाले विज्ञापनों में भी हिंदूफोबिक सामग्री क्रिएटिविटी के नाम पर परोस दी जाती है।

## हिंदू परंपराओं में बदलाव चाहते हैं मिस्टर परफेक्शनिस्ट

हाल में यह कारनामा लाल सिंह चड्ढा वाले आमिर खान ने किया। फिल्म के पर्दे पर बुरी तरह पिटने के बाद आमिर खान ने एयू बैंक का विज्ञापन किया। अब बैंक का विज्ञापन है, तो उस क्षेत्र में ग्राहकों को आनेवाली समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए थी। विज्ञापन में यह बताया जाना चाहिए था कि कैसे एयू बैंक अन्य बैंकों से अलग सुविधा देगा। लेकिन नहीं! विज्ञापन में दिखाया क्या गया? एक विवाह का सीन, जिसमें विदाई लड़के की होती है और गृह प्रवेश में पहला कदम लड़की की जगह उससे रखवाया जाता है। यह सब ड्रामा केवल इसलिए, क्योंकि बैंक की टैगलाइन थी कि बदलाव हमसे है। इसी टैगलाइन को चरितार्थ करने के लिए आमिर खान और कियारा आडवाणी ने हिंदू रीति-रिवाजों में बदलाव दिखा दिया, जैसे एक लड़के का घर जमाई होना क्रांति है, जबकि हकीकत यह है कि जरूरत पड़ने पर पति का पत्नी के घर पर रहना हमेशा से एक सामान्य बात रही है। फिर भी विज्ञापन में इस विदाई की परंपरा को ऐसे दर्शाया कि सालों से एक गलत प्रथा चलती आयी है और अब इसमें बदलाव के लिए मुहिम उन्होंने छेड़ी है। इस विज्ञापन में यह भी तो किया जा सकता था कि किसी दूसरे धर्म की परंपरा को दिखाया जाता और उसमें बदलाव की बात की जाती। यही नहीं, हिंदू धर्म पर प्रहार करते हुए कभी लेस्बियंस को करवा चौथ के त्यौहार को मनाते दिखाया जाता है, तो कभी विवाह में कन्यादान की रश्म को बोझ के रूप में दिखाया जाता है। वहीं जब मुसलिम त्योहारों में आमिर खान से जानवरों की कुर्बानी के बारे में पूछा जाता है, तो वह कहते हैं कि धर्म एक पर्सनल इशू है। इस पर मेरी टिपण्णी सही नहीं। वहीं सनातन धर्म में वह बदलाव की बात करते हैं।



इनके मुख्य किरदार भी आम तौर पर दूसरे समुदाय के होते हैं

ऐसे ही ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के एक विज्ञापन को महाकाल से जोड़ने पर विवाद हो गया था। कंपनी का यह विज्ञापन एड एक्टर ऋतिक रोशन ने किया था। इसमें वह कह रहे हैं- थाली का मन किया, उज्जैन में हैं, तो महाकाल से मंगा लिया। महाकाल मंदिर के पुजारियों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि महाकाल मंदिर किसी थाली की डिलीवरी नहीं करता है। जोमैटो और ऋतिक रोशन इस विज्ञापन पर माफी मांगें। बवाल होने पर जोमैटो कंपनी ने माफी मांगते हुए विज्ञापन हो हटा लिया था। ऐसी कई और भी कंपनियां हैं, जिन्होंने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और बवाल होने पर माफी मांग ली, लेकिन वे अपने एजेंडा में कामयाब तो हो गये। यह हिंदू धर्म पर प्रहार और अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने का फार्मूला बना लिया है।

दिलचस्प चीज यह है कि बॉलीवुड के लिए मिस्टर परफेक्ट आमिर खान अपनी फिल्मों में हिंदू देवी-देवताओं के अस्तित्व पर सवाल उठा देते हैं, विज्ञापन में रीति-रिवाजों को कटघरे में खड़ा कर देते हैं, मगर जब उनसे सवाल मजहब को लेकर पूछा जाता है, तो वह इसे निजी मसला कह कर किनारा कर लेते हैं। उनकी फिल्मों या विज्ञापनों में भी कभी तीन तलाक पर या हलाला पर सवाल नहीं उठता, जबकि ये मुद्दे वे हैं, जिनसे वाकई मुस्लिम समाज की महिलाएं त्रस्त हैं और सालों से इसके कारण पीड़ित होती रही हैं।

## पटाखे सड़क पर जलाने के लिए नहीं होते

यह पहला विज्ञापन नहीं है, जहां आमिर खान हिंदू रिवाज पर ज्ञान देते नजर आये हैं। कुछ साल पहले भी उन्होंने सिएट टायर का विज्ञापन किया था, जिसमें दिखाया गया था कि कैसे सड़क गाड़ी चलाने के लिए होती है। वहां पटाखे नहीं जलाये जाते। यह विज्ञापन ठीक दीपावली से पहले जारी किया गया था। अब कोई आमिर खान से अगर जाकर पूछे कि जब सड़क पटाखे जलाने के लिए सही नहीं होती, तो क्या नमाज पढ़ना वहां उचित हो सकता है? वह इस बारे में आखिर क्यों कुछ नहीं बोलते या उन्हें ऐसा लगता ही नहीं कि सड़क पर नमाज पढ़ने से यातायात बाधित हो सकते हैं? या यही विज्ञापन ईद या बकरीद से पहले जारी क्यों नहीं किये जाते।

## कन्यादान पर सवाल उठानेवाली आलिया भट्ट

वास्तव में यह दोमुंहा रवैया केवल आमिर खान का नहीं हैं। वह अकेले इस दौर में हिंदू परंपराओं में बदलाव के पक्षकार नहीं बने बैठे हैं। पिछले साल आलिया भट्ट एक विज्ञापन में कन्यादान की परंपरा को बदलने की अपील करती आयी थीं। अपने विज्ञापन में आलिया भट्ट ने दिखाया था कि हिंदू किस तरह सालों से लड़कियों को दान करने की चीज बता कर दान करते आये हैं, जबकि असल में लड़कियां मान करने की चीज हैं। उनका यह विज्ञापन एक पूरे धड़े को उत्कृष्ट सोच का उदाहरण लगा था। वहीं हिंदुओं ने इस पर सवाल उठाकर आलिया को समझाया था कि हिंदू धर्म में कन्यादान के मायने क्या होते हैं और जिन्हें देश के राष्ट्रपति का नाम तक एक समय में नहीं पता था, वह हिंदू धर्म पर ज्ञान न ही दें।

## तनिष्क का प्रोपगेंडा

आलिया भट्ट हों या आमिर खान, बॉलीवुड वालों ने हमेशा से ज्ञान देने के नाम पर हिंदू रीति-रिवाजों पर प्रश्नचिह्न लगाया है और एक विशेष समुदाय को शांत, शालीन और सभ्य दिखाया है। इस कड़ी में तनिष्क के उस विज्ञापन का उल्लेख किया जा सकता है, जिसमें एक हिंदू दुल्हन के लिए गोदभराई की पूरी रस्म मुस्लिम परिवार द्वारा आयोजित की जाती है और ऐसे दर्शाया जाता है कि हिंदू औरतें अगर मुस्लिम परिवार में जाती हैं, तो उन्हें ऐसा ही सम्मान मिलता है। हास्यास्पद बात यह है कि तनिष्क का यह विज्ञापन उस समय में आया था, जब हिंदू समाज लव जिहाद जैसी घटनाओं पर लगातार जानकारी दे रहा था और इस बात पर चर्चा हो रही थी कि आखिर कैसे हिंदू महिलाओं को फंसा कर उनका धर्मांतरण कराया जाता है, उनसे निकाह होता है और फिर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है।

बता दें कि स्क्रीन पर हिंदू घृणा परोसने का काम पहले फिल्मों के जरिये धड़ल्ले से होता था। मगर पिछले कुछ समय से हिंदू जागरूक हुए और उन्होंने सवाल उठा कर फिल्मों का बॉयकॉट शुरू किया, तो ऐसे लोगों में चिंता बढ़ गयी कि अब कैसे प्रोपेगेंडा फैलायी जाये। ऐसे में इन्होंने विज्ञापनों का यह नया तरीका खोजा। विज्ञापन का काम वैसे अपने दर्शकों को अपना उपभोक्ता बनाना है, लेकिन उसमें भी प्रोपेगेंडा का तड़का मिले, तो इनके लिए वही सबसे बढ़िया विज्ञापन हो जाता है। आजकल विज्ञापन बनाते हुए ध्यान रखा जाता है कि किसी भी तरह मुस्लिम समुदाय को नकारात्मक स्वरूप में न दिखा दिया जाये और गलती से भी हिंदू सरल, शांत न नजर आये।

## रेड लेबल की हिंदू घृणा

इस कड़ी में रेड लेबल चायपत्ती के कुछ पुराने विज्ञापनों का उल्लेख किया जा सकता है। चायपत्ती की इतनी बड़ी कंपनी ने एक नहीं, दो बार अपने विज्ञापनों में हिंदू विरोधी सामग्री दिखायी थी। एक विज्ञापन में बताया गया था कि कैसे हिंदू गणेश मूर्ति लेने आता है, लेकिन उससे ज्यादा ज्ञान मुस्लिम को होता है। मुस्लिम जैसे ही अपनी टोपी सिर पर पहनता है, हिंदू उससे भागने लगता है। फिर मुस्लिम व्यक्ति इतना अच्छा होता है कि उसे बुला कर चाय पिलाता और हिंदू की बुद्धि बदलती है। वह उसी से मूर्ति खरीदता है।

ऐसे ही दूसरे विज्ञापन में हिंदू दंपति हैं, जो अपने घर की चाबी भूल गये हैं। उनके घर के बगल में मुस्लिम औरत उन्हें चाय के लिए बुला रही है, पर हिंदू अपनी सोच के कारण उनके पास जाने से मना करते हैं। फिर चाय की खुशबू आती है और उन्हें एहसास कराती है कि हिंदू-मुस्लिम कुछ नहीं होता।

## बच्चों का इस्तेमाल

विज्ञापनों के जरिये हिंदुओं के रीति-रिवाजों पर हमला, मान्यताओं को ठेस पहुंचाने का काम, त्योहारों पर सवाल उठाना बेहद आम होता जा रहा है। अपने प्रोपेगेंडा को फैलाने के लिए ये लोग बच्चों का भी इस्तेमाल करते हैं। सर्फ एक्सेल के विज्ञापन में दिखता है कि हिंदू लड़की मुस्लिम लड़के को रंगों से बचाते हुए मस्जिद ले जाती है। वहीं दूसरे विज्ञापन में संदेश दिया जाता है कि श्राद्धों के समय खाना ब्राह्मण को खिलाओ या फिर मौलवी को, बात एक ही है।

ऐसे तमाम विज्ञापनों के उदाहरण आज इंटरनेट पर मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य केवल और केवल हिंदू घृणा का प्रचार-प्रसार करना है। बच्चों से बुजुर्गों का प्रयोग करते दिखाया जा रहा है कि हिंदू हमेशा गलत ही रहे। ऐसा लगता है कि आज के समय में विज्ञापन बनाने का मानक ही यह रह गया है कि या तो हिंदू परंपराओं पर सवाल उठा कर उन्हें बदलने का संदेश दो, वरना यह दिखाओ कि कैसे देश के हिंदुओं की सोच मुस्लिमों के प्रति बदली जानी चाहिए। आज जरूरत इस नैरेटिव को बदलने की है, अन्यथा देश एक नये किस्म के भंवर में फंस जायेगा।

---

### विकास की चिंता : मुख्यमंत्री ने खींचा राज्य के विकास का खाका, प्रेस कांफ्रेंस में एक-एक विषय पर बिंदुवार दी जानकारी

# प्रयास जारी है, जारी रहेगा, हर क्षेत्र में विकास दिखेगा : हेमंत

**1932 के खतियान, आरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन, दलों के गठबंधन, विपक्ष की भूमिका समेत तमाम मुद्दों पर की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री आवास में शनिवार को प्रेंस कांफ्रेंस में सवालों का जवाब देते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में मजदूरों के पलायन रोकने के लिए स्वरोजगार के रास्ते खोले हैं। कई योजनाएं मनरेगा के माध्यम से चल रही हैं। राज्य में पिछले 20 वर्षों में कोई ठोस काम नहीं किया गया। अब सरकार कई योजनाएं चला रही हैं, जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुई हैं। हम रोशनी जलाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी काम ही शुरू किया तो सुखाड़ का राक्षस खड़ा हो गया है। पुराने केस खोल कर पत्थर खदान में काम ठप कर दिया गया है। इससे कई मजदूर बेकार हो गये हैं। कुछ संवेदशनशील निर्णय लिये गये हैं, उनको समेटने में लगे हैं। यह राज्य तो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। एनजीटी के आदेश के बाद जो स्थिति बनी है, उसका आप अंदाजा नहीं लगा सकते। आप संथाल जायेंगे, तो लोग रोड पर भीख मांगते नजर आयेंगे। महिलाएं भी सड़क पर आ जाती हैं। इसके बाद भी हमारी सरकार काम कर रही है। मजदूरों को लेकर हम पहले से ही चिंतित हैं। अभी भी बड़े पैमाने पर लोग बाहर जाते हैं। इसके लिए राज्य सकार जहां मजदूर जा रहे हैं, वहां अलग से सेटअप करना चाहती है। पलायन तो चलता रहेगा। मनुष्य चलेगा नहीं तो अर्थव्यवस्था कैसे चलेगी। बाहर अच्छा काम मिल रहा है, तो उसे हम कैसे रोक सकते हैं।

**आरक्षण से किसी में भी असुरक्षा की भावना नहीं होने देंगे:** मुख्यमंत्री ने 1932 का खतियान के विषय पर कहा कि 1932 का विषय बहुत संेसेटिव है। विपक्षी लोग इसे मुद्दा बनाने का प्रयास करते रहते हैं। पहले भी मुद्दा बनाने की कोशिश हुई थी, कई लोगों की जान भी गयी थी। 1932 को मुकाम तक पहुंचायेंगे। क्योंकि इस मुद्दे को लेकर लोगों ने रंग-गुलाल कर जश्न मनाया था। कुड़मी लोगों का जो मुद्दा आया है, इसमें कुछ लोग इसमें राजनीति करने का काम कर रहे हैं, जो राज्य में होता आया है। भविष्य में भी आयेंगे। आदिवासी-मूलवासी को ध्यान में रख कर हम प्रस्ताव बनायेंगे, इसमें कोई गुंजाइश नहीं। 1932 के बाद आये सभी लोगों की



भावनाओं का सम्मान भी इस सरकार में है। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि आरक्षण से किसी में भी असुरक्षा की भावना नहीं होने देंगे। जिस वर्ग को अधिकार मिलता है, वह मिलेगा।

**सुखाड़ पर निर्णय 10 से 15 दिन में :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करेंगे। योजनाओं से पहले पंचायतें मजबूत होंगी, फिर जिला मजबूत होगा और जब जिला मजबूत होगा, तो राज्य मजबूत होगा। गांव से ही योजनाओं की नींव को पहले मजबूत करेंगे, तभी राज्य और पंजायत की व्यवस्था मजबूत होगी। यह काम पहल झपकते नहीं होगा। हम पूरे राज्य की पंचायतों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे कि कैसे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पहले से ही कई व्यवस्थाएं चल रही हैं, उसे एक्टिव करेंगे। हम चाहते हैं कि पंचायत स्तर पर सरकार जैसा स्वरूप बने। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना चल रही है। पहले भगवान भरोसे थे, अब समय से पहले बीज मिल रहा है, तो बारिश नहीं हो रही है। अगले 10 से 15 दिन में सुखाड़ पर निर्णय हो जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में फलदार पौधे लगाये जा रहे हैं। फलदार पौधा लगाने के लिए बकायदे जमीन का पट्टा भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले मंत्री-विधायक के आवास का घेराव अपनी मांगों को मनवाने के लिए होता था, लेकिन अब मंत्री-विधायक का घेराव धन्यवाद देने के लिए होता है। धन्यवाद देनेवालों की भीड़ इतनी बढ़ जाती है कि हमें बैरियर लगाना पड़ता है। क्योंकि सरकार के निर्णयों से 90 प्रतिशत लोग सहमत हैं। जहां तक दस प्रतिशत लोगों की असहमति का सवाल है, तो उसका भी समाधान होगा।

**अच्छा खाना में केरोसिन डाल देते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपाल में जो शिकायत है, यह पहले तरह का सवाल है। पिछड़े लोग कभी आगे नहीं बढ़ें, इसलिए उन्हें कानूनी लड़ाई में उलझा दो। वो उसमें फंसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन अब पॉलिटिशियन नहीं हैं। अब लोग उन्हें फॉलो करते हैं। उनकी भी शिकायत की जा रही है। स्टेन स्वामी की हत्या जेल में ही करा दी गयी। उन्होंने क्या किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि टाना भगतों से हमारा बहुत गहरा संबंध है। ये लोग जल्दी रिएक्ट नहीं करते। ये लोग कैसे रिएक्ट कर रहे हैं। यह जानकारी हम ले रहे हैं। कुछ लोग बीच में घुस कर पूरे समूह को बदानाम कर रहे हैं। राजनीति हो या ब्यूरोक्रेसी या फिर पत्रकारिता की जमात में कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो अच्छा खाना में केरोसिन डाल देते हैं। जब मुझे पता चला, तो ऐसी चीजों को रोकने की पहल की है। 2024 के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद इंटैक्ट हैं। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे।

**केंद्र सरकार से बड़ा पैकेज मांगेगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हम अपने रिसोर्स तैयार कर रहे हैं। उसमें भी कुछ लोग पेंच लगा रहे हैं। अब धीरे-धीरे स्थिति सुधर रही है। एक बड़ा पैकेज केंद्र सरकार से मांगेंगे। अभी सिर्फ जो नुकसान हुआ है और आगे भी जो नुकसान होगा, उसको देख कर बड़ी डिमांड करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने सभी सचिवों को अपने-अपने विभागों पर नजर रखने को कहा है। उनसे कहा है कि जरूरत पड़े, तो जिलों में जायें, हेलिकॉप्टर भी मौजूद है। जल्दी ही जिला स्तर पर काम करेंगे।

**निकाय चुनाव की घोषणा शीघ्र :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी लोग तो सिर्फ आदिवासी समाज पर राजनीति करते हैं। लेकिन आदिवासी दिवस पर एक संदेश तक नहीं देते। उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल में कोई पर्यटन स्थल नहीं गया, लेकिन मैं नेतरहाट गया, लतरातू डैम भी गया था। वो दिन बहुत जल्द आयेगा, जब हर टूरिस्ट स्थलों पर नाइट स्टे होगा। आज बूढ़ा पहाड़ पर बाजार लग रहा है। वहां चहल-पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंद स्कूलों को खोलने का प्रयास जारी है। पारा शिक्षक पहले सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे थे, अब वे स्कूल में पढ़ा रहे हैं। टीचरों को ट्रेनिंग भी दी जी रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही निकाय चुनाव की घोषणा कर दी जायेगी।

**गांव-पंचायत में लग रहा है शिविर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉब लिंचिंग पर हम कानून बनाते हैं, तो विरोधी विरोध में राजभवन चले जाते हैं। वे चाहते हैं कि राज्य में लिंचिंग होती रहे। मैंने तो कई बार रात के दो-दो बजे तक पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया है। यही कारण है कि शांतिपूर्ण माहौल में दशहरा पर्व बीता है। बेरोजगारों को प्रोत्साहन भत्ते के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम तो रोजगार दे रहे हैं। सरकार दरवाजा खोल कर खड़ी है। युवक जो रोजगार करना चाहें करें, हम पैसा देने को तैयार हैं। इसलिए गांव-पंचायत में शिविर लगा रहे हैं। अब पदाधिकारी भी गांव-पंचायत पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जितनी ताकत से आगे बढ़ते हैं, विपक्षी उतनी ही ताकत लगा कर हमें पीछे खींचते हैं।

बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 अक्टूबर को ही चाईबासा के गोइलकेरा में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत 6,455 योजनाओं का शिलान्यास एवं 51 योजनाओं का उद्घाटन और कुल 670 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। साथ ही करीब 103 करोड़ से अधिक राशि की तीन लाख से अधिक परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

### प्रधानमंत्री कानून मंत्रियों की ऑल इंडिया कांफ्रेंस में हुए शामिल

# कानून की भाषा सरल हो : मोदी

**वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया संवोधित, डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने कानून रद्द हुए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कानून की भाषा सरल होनी चाहिए, ताकि आम आदमी को इससे डर न लगे। जजमेंट स्थानीय भाषा में भी लिखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी कम हुआ है और खासतौर पर गांव में रहने वाले लोगों और गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। हमने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिये हैं। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ रहे हैं। प्रधानमंत्री शनिवार को शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के ऑल इंडिया कांफ्रेंस के उद्घाटन मौते पर बोल रहे थे। दो दिन तक चलने वाला यह कार्यक्रम गुजरात के एकता नगर में कानून और न्याय मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया है। इसमें केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरन रिजिजू भी हिस्सा ले रहे हैं। इसके जरिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नये आइडिया का आदान-प्रदान करने और अपने आपसी सहयोग में सुधार करने में सक्षम होंगे।

प्रधानमंत्री 17 अक्टूबर को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूसा मेला ग्राउंड में दो दिवसीय पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन करेंगे।

### झामुमो ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर उठाये सवाल

## सर्वोच्च न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए: सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में 1951 में चुनाव आयोग का गठन पारदर्शिता और निष्पक्षता की शर्त पर हुआ, लेकिन 2014 के बाद यह देखने को मिला कि देश के खास राजनीतिक दल के पक्ष में या उनके निर्देशन में चुनाव आयोग ने कुछ ऐसे निर्णय लिये, जो उसके पारदर्शी होने पर सवाल खड़ा करता है। श्री भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसीआइ अब इलेक्शन च्वाइस ऑफ इंडिया बन गया है। यह गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अब मिशन हो गया है कि मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त कर उनके सिंबल को फ्रिज किया जाये। रामविलास के निधन के बाद उनकी पार्टी को तोड़ा गया और उनकी पार्टी के सिंबल को फ्रिज किया गया। वही कहानी महाराष्ट्र में दोहरायी गयी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से कोई सवाल पूछने पर गोपनीयता का हवाला दिया जाता है। हमारे लिए गोपनीयता दीनदयाल मार्ग के लिए आत्मीयता यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनाव की घोषणा एक साथ होती रही है। पहली बार हुआ है जब हिमाचल में चुनाव की घोषणा हो गयी है, लेकिन गुजरात की नहीं। इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

## चोरी करने वाले के पीछे ही सीबीआइ और इडी लगेगी : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार समेत कांग्रेस पर एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा है। रांची जाने के क्रम में जिले के परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जो चोरी करेगा, उसके पीछे सीबीआइ और इडी ही लगेगी। पहले हेमंत जी को बताना चाहिए कि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन रिश्वत कांड में खुद जेल जा चुके थे, उस वक्त देश में कांग्रेस की सरकार रही। इसी तरह राजद सुप्रीमो लालू यादव चारा घोटाला में जेल जा चुके हैं और मामला अब भी चल रहा है तो सीबीआइ ने इसी कांग्रेस के शासनकाल में केस दर्ज कर लालू यादव को जेल भेजा था। इतना ही नहीं कांग्रेस के कार्यकाल में कई बड़े नेता घोटाला और जनता के पैसे लूटने के मामले में जेल जा चुके हैं और अब जब कांग्रेस के नेताओं के साथ जेएमएम के नेताओं का नाम घोटालों में आ रहा है तो बेतुका बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने में लोग लगे हुए हैं। बालू, कोयला और पत्थरों की लूट मची हुई है। हेमंत सरकार के एक करीबी विधायक गिरिडीह में हर रोज जमीन का फर्जी खरीद बिक्री करा दे रहे हैं। अब तक करोड़ों की जमीन गिरिडीह में लूटी जा चुकी है। मंत्री के साथ सदर विधायक, एसपी, एसडीपीओ और गिरिडीह के कई थानेदार अब इडी की जांच के दायरे में ऐसे ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब चोरी किये हैं तो जेल जाना तय है। आज जायें या कल जायें, लूटने और चोरी करने वाले ये न सोचें कि वो बच जायेंगे क्योंकि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ ना खाऊंगा और न खाने दूंगा की तर्ज पर पिछले आठ साल से देश को मजबूत किये हुए है।







| MODEL | | MRP | OFFER |
|---|---|---|---|
| TH-32J200DX | LED BASIC | 19990 | 13800 |
| TH-32LS550DX | LED SMART | 23990 | 15600 |
| TH-32LS670DX | LED SMART | 25490 | 17750 |
| TH-40HS450DX | LED SMART | 36990 | 27500 |
| TH-42JS650DX | LED SMART | 42990 | 28600 |
| TH-43LS700DX | LED SMART | 42990 | 29600 |
| TH-43LX700DX | 4K LED SMART | 50990 | 33250 |
| TH-43LX750DX | 4K LED SMART | 56990 | 40200 |
| TH-55LX700DX | 4K LED SMART | 73990 | 47850 |
| TH-55LX750DX | 4K LED SMART | 82990 | 54800 |
| TH-55LX850DX | 4K LED SMART | 89990 | 64000 |
| TH-65LX700DX | 4K LED SMART | 109990 | 73200 |
| TH-65LX80DX | 4K LED SMART | 129990 | 92000 |
| TH-75LX730DX | 4K LED SMART | 214990 | 140000 |

## बॉक्सएमटी मालगाड़ी का एक डब्बा हुआ बेपटरी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रैंड कोड सेक्शन के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत कोडरमा स्टेशन पर हजारीबाग बोनादाग रेलवे साइडिंग के लिए जा रही बॉक्स एमटी (खाली) मालगाड़ी का इंजन से चौथा एक डब्बा बेपटरी हो गयी। जिससे आप व डाउन लाइन पर रेल परिचालन करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहा। घटना लगभग 12:30 बजे की बताई गई है। घटना के बाद मौके पर कैरिज एवं वैगन तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी व कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे।धनबाद रेल कंट्रोल को मिली सूचना के बाद करीब 1:15 बजे एक बैंकर कोडरमा स्टेशन भेजी गई। जिसके बाद बेपटरी हुई बॉगी को काटकर अलग कल रेल परिचालन को करीब 1:30 बजे सामान्य करवाया गया। जानकारी अनुसार 58 बॉक्स एमटी मालगाड़ी को मेन लाइन से अप लूप लाइन पर लाया जा रहा था। इसी क्रम में पश्चिमी केबिन के निकट इंजन से चौथा डब्बा बेपटरी हो गया। परिचालन सामान्य कराने से पूर्व बेपटरी हुई बॉगी के पिछले हिस्से की 54 बॉगी को अलग कर डाउन लुप लाइन पर लगाया गया। जबकि इंजन के साथ तीन अन्य बोगियों को अप लुप लाइन पर लगाया गया। घटना के बाद कैरिज एंड वैगन तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी (पीओडी) पॉइंट ऑफ ड्रॉप स्थल का जांच करने में जुटे थे। मौके पर धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल अभियंता टू सूरज कुमार, कोडरमा एसएस एम के महाराज, यातायात निरीक्षक अरविंद कुमार सुमन, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सतीश कुमार, मुख्य निरीक्षक पंकज चौरसिया, एके सिंह, राजेश कुमार सहीत अन्य कर्मी मौजूद थे। घटनास्थल पर मौजूद विभाग के कर्मी घटना के लिए एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे थे। आपसी बहस के दौरान कई कर्मी यह कह रहे थे कि जब देर शाम रेल ट्रैक पर गिट्टी का पैकिंग कार्य चल रहा था तो किस परिस्थिति में परिचालन का ऑर्डर दिया गया। जबकि घटनास्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों के औजार बिखरे पड़े थे। फिलहाल वरीय पदाधिकारियों के जांच के बाद ही यह तय हो पाएगा की चूक कहां हुई।

## झामस का सदस्यता अभियान जारी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 6 नवंबर 2022 को रामगढ़ में होने वाले केंद्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर कोडरमा जिले में (झामस) झारखंड मजदूर संघ के सदस्यता पूरे जोर-शोर से चल रहा हैं ।सदस्यता अभियान को पूरे जिले में 10 टीमों में गठित कर 50हजार सदस्य बनाने का का लक्ष्य लेकर सदस्यता अभियान जारी है। जिसका नेतृत्व कोडरमा प्रखंड से जिला कमेटी सदस्य संदीप कुमार, प्रखंड सचिव तुलसी कुमार राणा, महिला नेत्री शेरुनिशा, मोहम्मद शमीम, हरी तुरी, सहदेव मंडल, राजू साब ,विनोद दास ,मो कलीम, मो नसीम, डोमचांच प्रखंड से जिला सचिव राजेंद्र मेहता, प्रखंड सचिव विनोद कुमार पांडे, जिला कमेटी सदस्य भागीरथ सिंह घटवार, कृष्णकांत मेहता, राजेंद्र साव, जयनगर प्रखंड से राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम प्रखंड सचिव अशोक यादव, असगर अंसारी ,चांद अख्तर सुरेंद्र सिंह पर्वती देवी मरकच्चो प्रखंड से प्रखंड सचिव बहादुर यादव जिला कमेटी सदस्य अशोक यादव सरजू यादव, सरफराज अंसारी कर रहे है।

## विधायक अमित यादव की पहल पर रास्ते की मिली स्वीकृति



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव की अध्यक्षता में परसाबाद स्टेशन प्लेटफार्म पर 15 सितंबर को विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें रेलवे बोर्ड के द्वारा दोनों ओर से घेराबंदी के रोकने के लिए मांग की गई थी। जिसमें परसाबाद घौरंजा, घुरमुंडा गर्गी, यदुडीह का रास्ता जो बंद किया जा रहा था। जिसके लिए विधायक के अथक प्रयास से रास्ता देने की स्वीकृति दिलवाई। रास्ते के लिए विधायक ने रेल विभाग के एडीएनई एन निहाल नारायण सिंह को बुलाया गया। वे धनबाद से आए और विधायक से वार्ता कर रास्ता देने की स्वीकृति प्रदान की। रेलवे बोर्ड धनबाद से आए पदाधिकारी विधायक के साथ सभी स्टेशन का भ्रमण किए और समस्याओं से अवगत हुए। विधायक के साथ परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, किशन यादव, जागेश्वर चौधरी, दीपक सिंह, महेश रजक, विपुल सिंह, शशिकांत चौधरी, मनोज चौधरी एवं क्षेत्र के ग्रामीण साथ साथ चल रहे थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 18 को कोडरमा में, मेगा परिसंपत्तियों का होगा वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कोडरमा आगमन का कार्यक्रम तय है। वे यहाँ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन ने इसे लेकर जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा अपने अपने परिसंपत्तियों का वितरण मुख्यमंत्री से कराएं। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की सहित जिले के अनेक वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और इसकी तैयारी के लिए सभी लोगों को विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## बिना चालान के पत्थर लदे तीन हाइवा जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना भवन के समीप शनिवार की सुबह थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई अशोक कुमार व पुलिस बल के सहयोग से बिना माईनिंग चालान के तीन बोल्डर लदे हाइवा ट्रक को जब्त किया है। जानकारी अनुसार बोल्डर लदे हाइवा जेएच11एन 1508, वहीं दो बिना नंबर के अंकित हाइवा, घोरथंबा से डोमचांच की ओर जा रहा था। तभी थाना भवन के समीप पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने हाइवा को रुकवा कर चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की गयी। चालक द्वारा किसी तरह के कागजात प्रस्तुत नही करने पर हाइवा को जब्त करते हुए अग्रेषित कार्रवाई के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**बेडोकला (आजाद सिपाही)।** बेडोकला पंचायत 15/10/22 को आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया श्रीमति रिंकी देवी,उपमुखिया अरुणा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य यूसुफ अंसारी,रामचंद्र साव,बी डी ओ ,सी ओ, नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार ,बी पी ओ श्यामनाथ वर्मा , पंचायत सचिव धनेश्वर गोप,बी एफ टी दिलीप दास,जी आर एस रघुनंदन सिंह, पी एम ए वाय समन्वयक अजय कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने सार्वजनिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया,साथ ही कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से मनरेगा योजनान्तर्गत उत्तरी छोटा नागपुर उच्च विद्यालय परिसर में वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का विधिवत शिलान्यास किया गया।175/ लाभुको को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में तुलसी पांडे, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडे ,मुरली पांडे,सुरेंद्र यादव, अशोक यादव, उमेस यादव, बीरेंद्र शर्मा वगैरह काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## ददा बिहा कराय दे मोर खोरठा एलबम रीलीज




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** खोरठा एलबम 22 के उमरिया ददा बिहा कराय दे मोर एसके चंद्रिका म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर शनिवार को रीलीज हुआ। एलबम में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के अमनारी, बौधा डैम, दूधमटिया क्षेत्र के सुंदर दृश्य और मोहित दिलवाला टीम के द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति हुई है। टाटीझरिया निवासी राजू यादव ने पहली बार एलबम में अभिनय किया है। रीलीज होने के साथ ही इस एलबम वीडियो को बढ़ियां व्यूज मिल रहा है। एलबम के गायक चंद्रिका कुमार ने बताया कि कम संसाधन होने के बावजूद अपने भाषा माटी के लिए लगातार वह एक से बढकर एक गीत दर्शकों के लिए बना रहे हैं। इसमें दर्शकों का प्यार उन्हें मिल रहा है। एलबम बनाने में कैमरामैन परमेश्वर पंडित, नीतू राव, प्रकाश, राकेश, वीरू, एसके पटेल, उमेश, तालेश्वर बेदर्दी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने बैंकों के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर की समीक्षा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग परिसदन भवन मे सभी बैंको के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की, जिसमे केंद्र सरकार कि विभिन्न योजनाओ की प्रगति पर समीक्षा की गई। बैठक मे बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबन्धक राजेश कुमार बैंस, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबन्धक शैलेश कुमार, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एम सी पॉल,यूबीआई के क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार लालवानी एवं विभिन्न बैंको के जिला समन्वयक, जीएम डीआईसी, जिला शिक्षा अधीक्षक पदाधिकारी,हजारीबाग, कोडरमा एवं गिरिडीह के अग्रणी जिला प्रबन्धक उपस्थित थे। मंत्री ने विशेष रूप से पीएमईजीपी, एसएचजी, मुद्रा, पीएम किसान एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना पर तीनों जिलो कि उपलब्धि की समीक्षा की। हजारीबाग जिला पीएमईजीपी एवं एसएचजी मे अच्छा प्रदर्शन एवं पीएमईजीपी मे पूरे राज्य मे अव्वल स्थान पर रहने को लेकर मंत्री ने सभी बैंको कि सराहना की। साथ ही निजी बैंको द्वारा इस ओर उदासिनता दिखाने पर रोष प्रकट किया और उन्हे सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओ मे हिस्सेदारी हेतु निर्देशित किया। शिक्षा मंत्री को अग्रणी जिला प्रबन्धक सुधाकर पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया कि एसएलबीसी झारखंड के निर्देशन पर सभी बैंक के प्रत्येक शाखाओ द्वारा एक गाँव को गोद लेकर बैंक की विभिन्न योजनाओ से आच्छादित किया जा रहा है,जिसे मंत्री द्वारा एसएलबीसी झारखंड के इस पहल की सराहना की। मंत्री ने सभी बैंको से सरकार कि विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओ के क्रियान्वयन मे पूरा सहयोग करने एवं सभी स्कूली बच्चो के बचत खाते खोलने हेतु निर्देशित किया। सभी बैंको द्वारा इस ओर किए जा रहे कार्यो से मंत्री को अवगत कराया गया साथ ही सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओ के क्रियान्वयन मे पूरा सहयोग करने एवं देय लक्ष्यो कि प्राप्ति का पूर्ण आश्वशन दिया। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबन्धक हजारीबाग, सुधाकर पाण्डेय ने किया।

## इचाक टू नगवां सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना से नगवां एन एच 33 भाया साडम चंदवारा जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग को लेकर सड़क निर्माण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री के रांची स्थित आवास में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री श्री आलम को सड़क की स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीण विकास मंत्री ने सारी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और ज्ञापन को विभाग को भेजते हुए कार्यवाई का आदेश दिया। साथ ही जल्द सड़क निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा की शहर की सड़कों के तर्ज पर ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हजारीबाग के कांग्रेस के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता कर रहे थे। सड़क निर्माण को लेकर सड़क निर्माण संघर्ष समिति एक वर्ष से प्रयासरत है। एक वर्ष पूर्व से नगवां एनएच 33 से खैरा भाया डाढा तक की सड़क को पीडब्लूडी में जोड़ सड़क निर्माण के लिए कई बार आंदोलन भी किया गया, मगर इचाक से खैरा भाया डाढा सड़क को पीएमजीइसवाई से पास कर इचाक टू नगवां सड़क को छोड़ दिया गया। यह सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी है। यही सड़क सदर विधानसभा और बरकट्ठा विधानसभा को आपस में जोड़ती है। जब किसी कारणवस एनएच 33 जाम होता है उस परिस्थिति में इसी सड़क को आवागमन के लिए वैकल्पिक पथ के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह सड़क भुसाई, साडम, चंदवारा, धरमू, टेप्सा, पारतांड समेत अन्य गांव के हजारों लोगों के आवागमन का एक मात्र पथ है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव दीपक सिंह, उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद मेहता, संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष विनय मेहता, संजय कुमार मेहता उर्फ गांधी आदि शामिल थे।

## अवैध कोयला लदा चार ट्रक जब्त

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने अवैध कोयला लदी चार ट्रक जब्त किया है। इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक संख्या जेएच 12 डी 2086, एन एल 01के 0425, बीआर 02 जी ए 8513, जे एच 12 एफ 1407 को जप्त कर मामला दर्ज किया गया है। उक्त सभी ट्रकों में क्रमश 25 - 25 टन कोयला लदा था। चारो ट्रक के चालक सद्दाम अंसारी, दिनेश कुमार, रामदेव यादव, सकलदेव यादव चारो सा गोलवाधव थाना डोमचांच जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम के अनुज उरांव,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, बीरबल करमाली, प्रशांत कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार सिंह, सन्त कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

# आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं आपकी योजना आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पश्चिमी पंचायत भवन में पश्चिमी पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रमुख फुलवा देवी व मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक अंबा ने कहां की लाभुकों को लाभ लेने के लिए आवेदन देना पड़ेगा एवं जिसका विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन नहीं बना है वह तुरंत आवेदन जमा करें स्वीकृत अवश्य होगा। हमारी सरकार बेटियों को बोझ नहीं समझती। पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग भी दे रही है। हमारी सरकार गरीबों व जरूरतमंदों को चावल के साथ-साथ गेहूं भी वितरण कर रही है। सड़क पुल पुलिया बनाने के लिए भी आवेदन दें, युवकों को रोजगार देने के लिए हमारी सरकार बिना गारंटर का 50000 का लोन की व्यवस्था की है। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका साहिका एवं कर्मचारियों को पेंशन दिलाने के काम किया है बच्चे नशे के दलदल में फंस रहे हैं, अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें। कॉल कंपनियों में हमारी सरकार 75% स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था कर रही है। शिविर में राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, श्रमिक कार्ड, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्यविभाग, पशुपालन, कृषि सहकारिता, पैक्स सदस्य निबंधन, कल्याण विभाग, जन्म मृत्यु निबंधन, स्वच्छता विभाग जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का स्टोल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई एवं लाभुकों ने लाभ लिया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज ,प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी लाइसरम गोसाई सिंह, अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सुरेश महतो, पंसस उर्मिला देवी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, बीपीओ अरुण पासवान ,हीरो महतो , रिंकू रवि, आशीष पासवान ,रविन्द्र कुमार ,प्रकाश कुमार ,अनंत कुमार ,बुधन कुमार, विवेक कुमार, पुजा राय, पंचायत सेवक अरविंद कुमार कौशिक ,पूर्व मुखिया अनीता देवी, रोजगार सेवक दीपक कुमार, चेपाकला मुखिया आनिकेत कुमार नायक,मुखिया बासुदेव यादव ,एएनएम लीला कुमारी ,दिलीप कुमार ,बीआरपी अजय कुमार ,मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, बाबर हुसैन, रघुनंदन प्रजापति, शमशेर आलम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

# तेरह सूत्री मांगों में अधिकांश मांगें हुई पूर्ण, कुछ लोग बची मांगों को पूरा नहीं होने देने का कर रहे प्रयास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज बतिसवाँ दिन भी जारी रहा। ज्ञात हो कि पिछले 14 सितंबर 2022 से लागातार बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के गरीबों की आवाज लोकप्रिय पूर्व विधायक, विकास पुरुष जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष तेरह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। पुरा विधानसभा क्षेत्र से लगातार एक माह से लोगों का समर्थन मिल रहा है। आपार जन सर्मथन के कारण ही अधिकांश मांगे जिला प्रशासन और राज्य सरकार पूरी कर रही है। अब तक धरना प्रदर्शन के बाद हाथियों को अन्यत्र भगाया गया, हाथियों द्वारा नष्ट किये फसलों की क्षतिपूर्ति मुआवजा वन विभाग के द्वारा लोगों को मिल रहा है, हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त घरों के जगह पक्का मकान बनाया जाएगा। परसाबाद पॉवर सब स्टेशन शुरू हो चुका है, वहीं चलकुशा, बिरसोडीह और झरपो पावर सब स्टेशन जल्द शुरू होंगे साथ ही साथ बेडोकला और तुरकबाद में पावर सब स्टेशन का भी निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। चलकुशा, बरकनगांगो-छुतहरी कटिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना जल्द होगा शुरू साथ ही साथ घरौंजा-खरियोडीह, सतड़िहा और खरगू ग्रामीण जलापूर्ति योजना जो निर्माण कार्य कछुआ के गति से हो रहा था वह अब तेजी से निर्माण कार्य की जा रही है तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, चलकुशा का पठन-पाठन शुरू करने को लेकर जिला प्रशासन से आवश्यक दिशा निर्देश आ चुका है। लेकिन कुछ लोग चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आंदोलनकारियों की धरना प्रदर्शन से बेचैन नजर आ रहे हैं, और तेरह सूत्री मांगों में से जो पूर्ण नहीं हो पाया, उसे रोकने का भरसक प्रयास में लगे हुए हैं। आंदोलनकारियों को डराया धमकाया जा रहा है साथ ही साथ उन्हें फर्जी मुकदमा करने की धमकी दी जा रही है।...लेकिन जनता का आंदोलन में हमेशा जीत जनता की ही होती है और आंदोलन के नेतृत्वकर्ता ने साफ कह दिया है कि जब तक मांगे पूरी नहीं की जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बीरेन्द्र मोदी, वरिष्ठ नेता बाबूलाल बिहारी, वरिष्ठ नेता दुर्गा प्रसाद चौधरी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, डंडाडीह मुखिया प्रतिनिधि महेश साव, बिनोद सिंह, संजय पांडेय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पिपचो महेंद्र राणा, युवा नेता अनुज रवि, रामनरेश पंडित, मंटू सिंह, गौरीशंकर ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, तुलसी प्रसाद, किशोरी पांडेय, भुनेश्वर स्वर्णकार, अनिल यादव, रामजीत सिंह, दामोदर यादव, युगेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, रहमान अंसारी, साबिर अंसारी, हरेंद्र पासवान, इम्तियाज अंसारी, अजीज अंसारी, मो. कलीम अंसारी, अर्जुन यादव, रूपलाल यादव, भुनेश्वर स्वर्णकार, अमित कुमार चौधरी, द्वारिका पसावन, अशोक यादव, लक्ष्मण यादव, महेश यादव, त्रिभुवन मोदी, कैलाश पंडित, किशोर कुमार यादव, लालू यादव, रामप्रवेश यादव,रामचंद्र राम, महेश यादव, रघुनंदन यादव, महेंद्र यादव, मुंशी पासवान, अलखदेव सिंह, मनोज यादव तथा भारी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## झरपो में सरकार आपके द्वार शिविर का किया गया आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरपो मध्य विद्यालय के प्रांगण में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु खलखो,जिप सदस्य रामप्रसाद प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल, बीडीओ शाइनी तिग्गा, उपप्रमुख रवि बर्णवाल मुखिया शीबू प्रसाद सोनी उपस्थित हुए। शिविर में केसीसी ऋण ग्रीन, राशन कार्ड, पेंशन योजना, आवास योजना, श्रम विभाग,मत्स्य विभाग, कृषि विभाग,शिक्षा विभाग, पैक्स, जेएसपीएल समेत अन्य स्टाल लगाया था। शिविर के अंत मे कम्बल एवं धोती साड़ी का वितरण किया गया। झरपो पंचायत के झरपो, लोधी गांव के ग्रामिण उपस्थित हुए। शिविर में सबसे ज्यादा राशन कार्ड,पेंशन एवं आवास का मांग सबसे ज्यादा किया गया बृद्धा महिला पुरुष को कंबल बीडियो ,प्रमुख और मुखिया जी द्वारा शनिचरी देवी, मो मंगरी, तुलसी महतो ,मो जगनी कम्बल वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंसस मिना देवी, कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, एई मनीष रंजन, सुनील कुमार, बिपियारो, विजय रवि, अनिल कुमार ,रामा कुमारी, ललिता कुमारी, रीति कुमारी जनवितरण प्रणाली विजय प्रकाश मेहता, झमन राम, भुनेश्वर साव,राधेश्याम प्रसाद कुशवाहा, सीआरपी सुबोध पाण्डेय दयाल प्रसाद पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद विश्वजीत दुबे, रोजगार सेवक, निरंजन कुमार, उप मुखिया राजा प्रसाद वार्ड सदस्य रवि यादव, केदार गौरव, मुन्नी देवी, मिथलेश प्रसाद, किशोरी ठाकुर,रवि यादव,मुकेश कुमार, कौलेश्वर मिश्रा, विजय प्रसाद कुशवाहा,सुरेंद्र राणा, सरजू प्रसाद, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## चुरचू चरही बीआरसी भवन कार्यालय में दिव्यांग बच्चों की जांच हुई



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड के बीआरसी भवन कार्यालय में दिव्यांग बच्चों को शिविर लगाकर जांच किया गया। जिसमे मुख्य रूप से डॉ अरूण कुमार, अंकुश राज एंव राजा बाबू ने स्वास्थ्य जांच किया यह शिविर भारत सरकार के ए एल टी एम सीओ के द्वारा आयोजित किया गया था पुर्व में जांच किया गया था उनमें से कुछ बच्चों को व्हील चेयर ब्लाइंड स्टीक एंव हियरिंग एंव इत्यादि किट वितरण किया गया साथ ही दूर दराज से आए लोगों खाने पिने का भी प्रबंध किया गया था। इस क्रम में ये रहे शामिल बीपीएम गौतम कुमार शर्मा, रिसोर्स शिक्षक चन्द्रदेव कुमार, राहुल रंजन, कमखया भगत, अशोक वर्मा, प्रियतम कुमार, पौलूस कुजूर, चंद्रिका यादव, मुकूल रविदास, सुनिल मांझी, टिनू महतो, सुधांशु कुमार मुकेश टुडू अनौती मरांडी, तालेशवर किस्कू, सीता धान, मंजू बेसरा, एंव अन्य अभिभावक शामिल हुए।

## चुरचू पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के 3 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड मुख्यालय में किया गया । जिसका शुभारंभ विधिवत दीप जला कर प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, बीडीओ इंदर कुमार , उप प्रमुख संजय कुमार सिंह, सीडीपीओ डॉ रेखा रानी व चुरचू मुखिया पूनम बेसरा द्वारा संयुक्त रूप से किया । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार ने विस्तार पुर्वक विभिन्न योजना के बारे में जानकारी दिए उन्होंने यह भी बताया कि कि कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में होना है पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर तक और दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर तक चलेगा। मौके पर प्रखण्ड मुख्यालय के विभिन्न पदाधिकारियों ने एक वर्ष में किया गया कार्यों के बारे में जानकारी दिए ।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत होने पर पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा जा रहा है । डॉ रेखा रानी ने कहा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र 10 किशोरियों को वितरण किया गया। वहीं जरूरत मंदो के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर से ही आम लोगों की समस्याओं के दूर करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।

## पीड़ित परिवार से मिले आजसू के महासचिव रोशनलाल



**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखण्ड के पचड़ा पंचायत के भुइयां टोली निवासी दलित युवक सिटन भुइयां हत्याकांड मामले को लेकर आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व केरेडारी के पूर्व प्रमुख नीतू कुमारी पीड़िता के घर पहुंचे व मृतक की पत्नी पारो देवी से मिलकर मामले की विस्तृत जानकारी लिया। रोशनलाल चौधरी ने इस घटना की कड़ी निंदा की व पुलिस प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है । कहा की सभ्य समाज के लिए ऐसी घटना अति निंदनीय है इन्होंने मृतक की पत्नी पारो देवी को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया है । वहीँ केरेडारी प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख नीतू कुमारी भी शनिवार को मृतक की पत्नी से मिली व हर संभव सहायता का आश्वासन दिया साथ ही प्रशासन से दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की मांग की है ।

## करगालो पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा योजना में 38 ,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 90,मुख्यमंत्री पशुधन योजना के दस ,सर्वजन पेंशन योजना के 46,मनरेगा के 8,15 वे वित्त योजना 04,धोती साड़ी योजना के 06 लाभुकों के बीच वितरण, कम्बल दस लाभुकों के बीच वितरण ,किसान क्रेडिट कार्ड 06, भुलगान रशीद दस,ई शर्म कार्ड 06, जाती आय आवासीय ,दाखिल खारिज 01,नामांकन 02,जॉब कार्ड 13,कल्याण विभाग 01, राशन कार्ड सुधार 11, राशन कार्ड नाम जोड़ना ,हटाना 42आवेदन जमा किया गया ।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, आदि उपस्थित थे।

## मृतकों एवं घायलों के परिवार को संजीव बेदिया ने दिया आर्थिक सहयोग



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत के छवनीया गांव में मृतकों की पत्नी एवं घायलों के परिजनों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया मिलकर आर्थिक सहयोग किया । ज्ञात हो कि 9 अक्टूबर को ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में लाउडस्पीकर के चोंगा में 11000 का झूलता तार सट गया था। जिससे मो नियामत अंसारी की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। जबकि मोहम्मद सरफराज व मोहम्मद ओबेदुल्ला की मृत्यु रिम्स में इलाज के दौरान हो गई थी । शेष सात घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रही है। श्री बेदिया ने कहा कि जो भी सरकार के द्वारा राहत सहयोग होगा वह सहयोग में दिलवाने का काम करूंगा .साथ ही साथ बिजली विभाग द्वारा जो भी मुआवजा भी बहुत जल्द दिलवाने का प्रयास करूंगा।सरकार के द्वारा कल्याणकारी योजना के तहत विभिन्न प्रकार के योजनाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीणों से अपील की है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें ,मौके पर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय सिंह, साबिर हुसैन,सचिव दिनेश उर्फ गुड्डू रविदास, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सचिव बासुदेव यादव, पवन तुरी, गुरु चट्टी मुस्लिम मोहल्ला के सदर मोहम्मद मेराज अंसारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मारपीट में बुजुर्ग महिला घायल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के केन्दुआ 1 गांव में चाकू से मारकर बुजुर्ग महिला को घायल करने का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्राम केन्दुआ 1 निवासी सुदामा देवी पति भूनेश्वर मोदी ने थाना में लिखित आवेदन दी। उसने आवेदन में लिखा कि शुक्रवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे गांव के ही सुनील ठाकुर पिता महेंद्र ठाकुर एवं सुभाष ठाकुर पिता खुबलाल ठाकुर दोनों शराब में धुत होकर डायन कह कर गाली गलौज करने लगे। पुछने पर इन लोगों ने भद्दी गालियां देते हुए नाक पर चाकू से वार कर दिया। जिसके बाद घायल हो कर गिर पड़े। आवेदन मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## तैलिक साहू समाज का सम्मान समारोह आयोजित



टंडवा (आजाद सिपाही)। शनिवार को धनगड़ा पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की बैठक सह पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड इकाई अध्यक्ष उत्तम प्रसाद साहु, संचालन चंद्रदेव साहु ने किया। जहा समाज से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित हुये। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जीवलाल साहु, विशिष्ट अतिथि सिमरिया प्रमुख रोहन साहु ,जीप सदस्य देवनंदन साहु ,देवंती देवी,मुखिया महाबीर साहु उपस्थित हुये।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया गया। समाज के लोगो को संबोधित करते हुए देवनंदन साहू ने कहा कि समाज को उत्थान के लिए सामाजिक चेतना और राजनीतिक भागीदारी जरूरी है। जिला अध्यक्ष ने लोगो को अपने-अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील किया है।इस दौरान समाज की ओर से बीते पंचायत चुनाव में चुनकर आये प्रतिनिधियो को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।जिनमे सिमरिया प्रमुख रोहन साहु, जिप सदस्य, देवनंदन साहु, देवंती देवी,मुखिया महाबीर साहु, पंसस एसके सुमन , उपमुखिया प्रतिमा देवी, सुषमा देवी,संदीप कुमार समेत अन्य शामिल हैं।इस मौके पर सुगन साव, विकास,हीरा, शुभम, चिंतामण, शिबू, लोकनाथ साव,बलराम साव एवं सुनैना देवी, खुशबू देवी, तारा देवी, झालिया देवी,बिमली देवी समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हजारीबाग में 8वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता, खिलाड़ियों को किया रवाना



चतरा (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय 8वीं ताईक्मांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई है। शनिवार को खेल पदाधिकारी तुषार राय ने चतरा के खिलाड़ियों को हजारीबाग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना किया। ओलंपिक से मान्यता प्राप्त जिला ताइक्वांडो संघ की 9 सदस्यीय टीम को जिला खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में रवाना किया गया। मौके पर अतिथिओं ने रवाना से पूर्व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। हजारीबाग रवाना खिलाड़ियों में पृथ्वीराज पांडेय, कार्तिक गुप्ता, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, प्रिंस कुमार, संदीप यादव, अनुपमा राज का नाम शामिल है। कोच में रितेश कुमार मैनेजर के रूप में विक्की कुमार दास शामिल थे। मौके पर जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव उमेश कुमार, सह सचिव रामप्रकाश, सह सचिव सुजीत कुमार, अध्यक्ष देवेंद्र पंडित, संरक्षक पंकज कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, कला संस्कृति खेलकूद कार्य विभाग के जिला कोर्डिनेटर प्रकाश कुमार सिन्हा, जिला ओलंपिक सचिव राकेश कुमार सिंह, ओलंपिक कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, शंकर कुमार, नसरुद्दीन अंसारी मौजूद थे।

## सड़क पर बने गड्ढों को मुखिया ने भरवाया



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। चीफ हाउस पंचायत के 8 नम्बर वार्ड के सीसीएल एस्क्युटिव हॉस्टल के समीप सड़क पर गड्ढे हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। विशेषकर बारिश के दिनो में छोटी-मोटी दुर्घटना भी आये दिन घट रही थी। शनिवार को स्थानीय मुखिया विकास पांडेय ने चार गाड़ी डस्ट की व्यवस्था कर गड्ढे का समतलीकरण कराया। ताकि लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## पहले चरण के चौथे दिन जिले के नौ प्रखंडों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर राज्य भर के विभिन्न जिलों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसे लेकर पहले चरण के चौथे दिन चतरा जिले के 09 प्रखंडों में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन।शनिवार को जिले के चतरा प्रखंड के बरैनी पंचायत में लगे शिविर में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने पहुंच कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए सभी स्टॉल का एक एक कर निरीक्षण किया।साथ ही मौके पर उपायुक्त ने ऑनस्पोट हो रहे निष्पादित मामलों की भी विस्तृत जानकारी लेते हुए योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त ने वहाँ उपस्थित लोगों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वे बेहिचक अपनी समस्याओं को इस शिविर में रखें।उनकी समस्याओं का निबटारा ऑनस्पॉट या जल्द से जल्द किया जाएगा।सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है आने वाले दिनों 22 अक्टूबर तक और 1 नवम्बर से 14 नवम्बर तक विभिन्न जगहों में और भी शिविर लगेंगे ।लोग ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में आकर इस शिविर का लाभ उठाएं।साथ ही उपायुक्त ने आमजनों से बात करके उनकी समस्याओं से अवगत हुए और जल्द से जल्द त्वरित गति से निष्पादन का विश्वास दिलाया। साथ ही कार्यक्रम में सभी उपस्थित पदाधिकारी को शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बताते चले कि आज 15 अक्टूबर 2022 को जिले के प्रतापपुर प्रखंड के एघारा पंचायत, लावालौंग प्रखंड के मधनिया पंचायत, हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबूल पंचायत, चतरा प्रखंड के बरैनी पंचायत, इटखोरी प्रखंड के इटखोरी पंचायत, पत्थलगड्डा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत, सिमरिया प्रखंड के सेरनदाग पंचायत, टंडवा प्रखंड के मिश्रोल पंचायत, चतरा नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या 4 एवं 5 मध्य विद्यालय दिभा स्कूल चतरा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

## छठ पर्व तैयारी को लेकर राष्ट्र संचेतना की बैठक

पतरातू (आजाद सिपाही)। राष्ट्र संचेतना सामाजिक संस्था की बैठक पीटीपीएस में शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्र संघ चेतना के अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 व 31 अक्टूबर को पतरातू डैम पर छठ महापर्व का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि डैम पर छठ घाट सफाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी । बैठक में निर्णय लिया गया कि छठ घाट पर सात घोड़ों पर सवार भगवान सूर्य नारायण की प्रतिमा स्थापित की जाएगी छठ घाट की सफाई सुंदरीकरण पूजा पंडाल विद्युत सज्जा तोरण द्वार यातायात व्यवस्था अर्थ के लिए दुग्ध एवं पुष्प आकस्मिक चिकित्सा केंद्र आदि की व्यवस्था की जाएगी। और 30 अक्टूबर की रात्रि में कलाकारों द्वारा भक्ति में जागरण एवं झांकी का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक का संचालन संस्था की सचिव दिलीप प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर राजन कुमार भगत, किशोर कुमार महतो, राकेश कुमार रिंकू, अखिलेश सिन्हा, संजीव कुमार बाबला, शैलेंद्र कुमार, कुमार ऋषि राज, विश्वजीत भारद्वाज, गणेश कुमार ठाकुर, संजय रजक, जय प्रकाश प्रसाद ,विजय कुमार राय, विजय कुमार सिंह, वाल्मीकि यादव, विकास प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद ,प्रेम सिंह ,अशोक सिंह ,दिनेश कुमार, अंशु प्रसाद, सहित संस्था के कई सदस्य शामिल थे।

# सत्य की हमेशा जीत होती है, भले ही संघर्ष करना पड़ता है : चंद्रप्रकाश






रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कांकेबार स्थित पटेल चौक में पटेल छात्रावास समिति और आजसू पार्टी के संयुक्त रूप से जारी आंदोलन आखिरकार शनिवार समाप्त हो गई। बताते चले कि 6 दिन पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपने समर्थकों के साथ एनएचएआई की अधिग्रहित भूमि पर पटेल जी की प्रतिमा स्थापित को लेकर भूमि पूजन किया था। इसके बाद कांग्रेस और आजसू के बीच भूमि को लेकर विवाद शुरू हो गई। इस मामले में एनएचएआई की अधिग्रहित भूमि को अपना कहने वाले विनोद कुमार ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित 7 नामजद और 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज की गई थी। धरना स्थल को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी संघर्ष पर विश्वास करता है। झारखंड बनने तक आजसू पार्टी ने संघर्ष की है और आज भी राज्य के लोगों को हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। आजसू पार्टी संघर्ष के बल पर ही रामगढ़ को जिला बनाया था। कांग्रेस पार्टी ने देश आजादी के बाद से ही लोगों को लड़ाने का काम किया है। ओछी राजनीति करने वालों का पदार्फाश आज हुआ है। भूमि पूजन के बाद कांग्रेस विधायक के प्रतिनिधि के प्रतिनिधि ने काम में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। जब हम लोगों ने दबाव बनाया तो जिला प्रशासन ने उक्त जमीन की मापी कराया और स्पष्ट हुआ कि उक्त जमीन एनएचएआई की है और वह गलत साबित हुआ।

**आंदोलन के दबाव में मिली सफलता**

धरना स्थल को संबोधित करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज जो सफलता मिला है वो आंदोलन का दबाव में ही सफलता मिली है। वैसे लोग ढोंग रच रहे की की मूर्ति जिला प्रशासन लगाएगी। इससे पहले मूर्ति पटेल छात्रावास समिति ने लगाया था। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को हम धन्यवाद भी देते हैं और उनसे आग्रह भी करते हैं देश के कई ऐसे महापुरुष है जिन्हें चौक चौराहा में लगाने की आवश्यकता है।

**दोहरे चरित्र वालों को पहचानने की जरूरत**

सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का शुरू से ही विरोध करना और नाटक करना चरित्र में रहा है। इससे पहले विरोध कर रहे थे और डीसी से मिलकर मूर्ति स्थापना को लेकर बात कर रहे थे वैसे दोहरे चरित्र वालों को पहचानने की जरूरत है दिखावे के लिए कुछ करते और पर्दे के पीछे कुछ और करते हैं इस तरह के नाटक बाद लोग विकास की दुआएं दे रहे हैं।

**जनता के पक्ष में ब्लॉक स्तर पर आजसू पार्टी करेगी आंदोलन**

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि जनता के पक्ष में ब्लॉक स्तर पर आजसू पार्टी अब आंदोलन करेगी।

**छठे दिन भी जारी था आंदोलन, एनएचएआइ के द्वारा नीव रखने पर समाप्त**

पटेल छात्रावास समिति और आजसू पार्टी का आंदोलन छठे दिन शनिवार को भी जारी रहा। दोपहर के बाद से एनएचएआई और जिला प्रशासन की बैठक के बाद कयास लगाया जा रहा था कि ठोस निर्णय निकलेगा। इसी बीच शनिवार को एनएचएआई की अधिग्रहित भूमि का एनएचएआई के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। थोड़ी देर बाद जब एनएचएआई द्वारा उक्त स्थल पर कार्य शुरू किया गया। इसके बाद आंदोलनरत पटेल छात्रावास समिति और आजसू पार्टी के नेता और कार्यकताओं में अचानक खुशी का माहौल कायम हो गया।

**जमकर हुई आतिशबाजी, बटी मिठाइयां**

पटेल छात्रावास समिति और आजसू पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए पटेल चौक पर जमकर आतिशबाजी करते हुए लोगों के बीच मिठाइयां बांटी। लोगों ने एक स्वर में कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही हो सकता है।

# पूर्व कृषि मंत्री ने लेक रिसोर्ट और डैम परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



पतरातू (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू शनिवार को पतरातु लेक रिसॉर्ट पहुंचे । इस दौरान लेक रिसोर्ट परिसर में गंदगी को देखकर गुस्से में आग बबूला हो गए हैं। और बड़ी बड़ी झाड़ियों को देखकर खुद अपने हाथों से सफाई करने लगे । इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में पतरातू डैम पर्यटन स्थल के नाम से फेमस है लेकिन यहां का रखरखाव सही से नहीं किया जा रहा है जिससे डेम परिसर में बड़ी बड़ी झाड़ियां हो गई है । जिसे स्वच्छता अभियान चलाते हुए अपने कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहां की इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। चहूंमुखी विकास के लिए हम तत्पर हैं स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद भी क्षेत्र के विकास के लिए 24 घंटा तत्पर रहते हैं । श्री साहू ने यह भी कहा कि यहां बालू और साइकिल से ढोने वाले कोयले को बंद करा दिया गया है जिससे बालू बंद होने से यहां के विकास कार्यों में एवं मजदूरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जल्द मैं उपायुक्त रामगढ़ एवं एसपी रामगढ़ से मिलकर उन्हें चालू करने का काम करेंगे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,असगर अली, रंजीत सिंह, याकूब राय, मुकेश सिंह, एवं दर्जनों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योगेंद्र साव ने लबगा मां पंचबहिनी मंदिर में की पूजा-अर्चना



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव शनिवार को बासल के लबगा स्थित मां पंचबहिनी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिर में मत्था टेक क्षेत्र के सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने स्थानीय ग्रामीणों की जन समस्याओं से भी अवगत हुए। साथ ही सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए क्रमवार समाधान कराने का आश्वासन दिया। मौके पर मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साव, विनोद साव, अंजन प्रसाद, प्रदीप महतो, गंगा प्रजापति, कौलेश्वर बेदिया, रमेश बेदिया, योगेंद्र सिंह खरवार, कृष्णा सिंह, रूपलाल साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## करवा चौथ के मौके पर पहुंचे योगेंद्र साव

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के बरवाटोला साकुल में शुक्रवार रात करवा चौथ पूजा के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन किया गया था इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने करवा चौथ पूजा करने वाले माताओं बहनों को हार्दिक हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहू, योगेंद्र सिंह खरवार, याकूब राय, रंजीत सिंह,बितका बाउरी,जय सिंह,देवा बेदिया सहित पूजा कमेटी के सदस्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिये निर्देश

# शहर में सख्ती से हो नो एंट्री का पालन : डीसी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने किया। बैठक में डीसी माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र में नो एंट्री की समय सीमा को लेकर संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा करने के क्रम में उपायुक्त ने सख्ती से नो एंट्री का पालन कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र से होकर बसों के गुजरने से यातायात समस्या के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। जिस पर उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र से होकर किसी भी बड़े यात्री वाहन को ना गुजरने देने एवं सभी बड़े यात्री वाहनों का बस स्टैंड से पटेल चौक होकर ही शहर से बाहर निकलने की व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## कोठार ओवरब्रिज के निकट जर्जर सड़क की मरम्मत कराने का निर्देश

कोठार ओवर ब्रिज के समीप सड़क की जर्जर अवस्था से आमजनों को हो रही समस्या के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना पदाधिकारी एनएचएआई रांची को सड़क की मरम्मती कराने का निर्देश दिया। रामगढ़ शहरी क्षेत्र में चट्टी बाजार व सुभाष चौक के समीप पशुओं के आवागमन से यातायात की समस्या के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने इस पर लगाम लगाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था में आ रही समस्याओं के मद्देनजर उपायुक्त ने अतिक्रमण की समस्या से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने गोला डीवीसी चौक सहित रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि अगर सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को राज्य आपदा मोचन निधि के माध्यम से 1 लाख रुपए तक की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाती है। वही हिट एंड रन के मामलों में भी मुआवजा राशि का प्रावधान है। साथ ही जो व्यक्ति दुर्घटना के समय पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है उसके लिए राज्य सरकार के द्वारा 5000 की प्रोत्साहन राशि संबंधित व्यक्ति को दी जाती है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं ऐसे मामले सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित को मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया।

## पीवीयूएनएल ने बलकुदरा के उउवि में लगाया मेगा मेडिकल स्वास्थ्य जांच शिविर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पीवीयूएनएल सीएसआर के तत्वावधान में शनिवार को बलकुदरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मेगा मेडिकल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में आसपास गांवों के 215 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच डॉक्टर द्वारा की गई। साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में स्त्री रोग, षिशु रोग व जेनरल फीजिशियन डॉ. तकहीद पेडिग, डॉ. सुजाता, डॉ. तुषार, डॉ. स्वाति, आदि चिकित्सकों द्वारा जांच के मरीजों को उचित परामर्श भी दिया गया। बताया गया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। शिविर को सफल बनाने में मुखिया विजय मुंडा, पीवीयूएनएल के निशांत कुमार, मुक्ता, रोहित कुमार, शुभम कुमार, रहालाल, विजय आदि का विशेष योगदान रहा।

## कुर्मी विकास परिषद के सदस्यों की हुई बैठक



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय किशोर कुमार महतो के परिसर मैं शनिवार को कुर्मी विकास परिषद के सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित कि गई। बैठक में मुख्य रूप से कुर्मी विकास परिषद के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर महतो सचिव कामेश्वर महतो उपाध्यक्ष धनराज महतो कोषाध्यक्ष वकील महतो कोलेश्वर महतो गोविंद महतो पंकज महतो मनोज महतो शंकर महतो लक्ष्मीकांत महतो पालू पंचायत के पूर्व मुखिया गंगाधर महतो अजय कुमार जितेंद्र कुमार योगेश कुमार कामेश्वर महतो अजय महतो दिनेश महतो सहित कुर्मी विकास परिषद के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे। बैठक मेंपरिषद के सदस्यों ने रामगढ़ पटेल चौक में लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा स्थापित करने में जिन लोगों के द्वारा व्यवधान पैदा करने की कोशिश की जा रही है उसका कुर्मी विकास परिषद द्वारा विरोध किया गया । इस दौरान कुर्मी विकास परिषद के द्वारा मांग कि गई की चिन्हित स्थल पर लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा स्थापित किया जाए अन्यथा कुर्मी विकास परिषद चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी।

## दोतल्ला पंचायत में मना विश्व हाथ सफाई दिवस



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में शनिवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। इसके तहत पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा, शिवनगर बीटीटीआई एवं पुराना थाना मोहल्ला में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी व सेविका-सहिया द्वारा बच्चों और ग्रामीणें को ठीक तरह से हाथ धोने के टिप्स दिये गये। साथ ही मुखिया द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर तरीके से हाथ धोने का गुर सिखाया गया। इस दौरान बच्चों व ग्रामीणों को समुचित तरीके से 5 क्रम में हाथ धुलवाया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने हाथ धुलाई के महत्व को साक्षा करते हुए कहा कि शौच जाने के उपरांत एवं भोजन नाश्ता करने से पहले 5 स्टेप में नियमतः हाथ धुलाई अवश्य करना चाहिए। जिससे गंदगी के कारण होने वाले कई बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए कहा कि कोविड-19 का प्रकोप अभी तक गया नहीं है, इसलिए जब भी बाहर से घर में आवें तो हाथ अवश्य धोएं। क्योंकि कोरोना से बचाव का यह भी एक बहुत बड़ा व सरल उपाय है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, प्रेमी सलोनी तिर्की, सहिया रंजू सिंह, मंजू देवी, तिलोतमा तिवारी, जल सहिया छुवी देवी, सहायिका संजीदा खातून, मीरा देवी आदि मौजूद थीं।

## विधायक ने चितरपुर बाजार टाड़ में अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर का किया उद्घाटन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। चितरपुर बाजार में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने डायग्नोस्टिक सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का चिकित्सा संस्थान खुलने से स्थानीय लोगों को मिलेगी लाभ डायग्नोसिस सेंटर में एनीमिया, लिवर, किडनी, हॉट प्रॉब्लम एवं हड्डी आदि विभिन्न तरह के बीमारियों का रियायत दर पर मरीजों का इलाज किया जाएगा विधायक ने बताया कि चिकित्सा केंद्र खुलने से अब लोगों को महंगी अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा और कम दर पर अपना बीमारियों का बेहतर ढंग से इलाज करा सकते हैं। इस मौके पर बजरंग महतो दुलमी 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश जकाउल्लाह गौरी शंकर महतो हाजी अख्तर आजाद राजेंद्र नाथ चौधरी चंद्रशेखर पटवा जोया प्रवीण लक्ष्मण महतो प्रदीप महतो बबलू खान मोहम्मद साहिद गणेश अग्रवाल कयामुद्दीन अंसारी प्रीतम महतो युगल किशोर राम प्रसाद महतो पवन कंकड़ बाबू भाई करमाली उमेश सिंह सुधीर सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुंदरनगर पंचायत में आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत लगा विशेष शिविर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को सुंदरनगर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया ब्यास पांडेय व संचालन पंसस रोहित सोनी ने किया। शिविर में मुख्य रूप से रामगढ़ डीपीओ समीर कुल्लू, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, बीसीओ राजेश एक्का, बीओ प्रभाकर कुमार, जगतार सिंह, झामुमो के वरिष्ठ नेता रंजीत बेसरा, पटेलनगर उप मुखिया राजकुमार यादव, मुकेश राउत व अशोक सोनी उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही कोरोना से बचाव को ले दर्जनों लोगों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा वैक्सीनेशन भी किया गया। मौके पर दर्जनों लोगों के बीच कैल्सियम आदि के दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम से कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर रामगढ़ डीपीओ समीर कुल्लू व बीडीओ हलधर कुमार सेठी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहा है। मौके पर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी पंकज कुमार, वार्ड सदस्य रुपा देवी, सुनैना देवी, चंचल देवी, गुड्डी देवी, हेलन मिंज, राहुल सोरेन, आरती देवी, फुला देवी, शकुंतला देवी, शबनम खान, लता वर्मा, कवि राय, डीलर शशि अग्रवाल, प्रमोद पासवान, राजन पाठक सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# कुजू कोलियरी स्थित अवैध कोयला उत्खनन के दौरान गैस रिसाव से एक युवक की हुई मौत



कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कुजू कोलियरी की बंद पड़ी 7/8 भूमिगत खदान से करीब एक सौ मीटर की दूरी पर कोयला तस्करो द्वारा चलाए जा रहे अवैध उत्खनन सुरंग में कोयला उत्खनन के दौरान शुक्रवार की देर रात गैस रिसाव के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक के अवैध कोयला उत्खनन सुरंग में होने व निधन होने की खबर के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं, स्थानीय लोगों द्वारा सीसीएल व पुलिस को सूचना दी गई। जिसपर कुजू पुलिस व सीसीएल की टीम मौके पर पहुंची। जहां सीसीएल सुरक्षा कर्मी व अधिकारी ने सुरंग का जायजा लेते हुए नईसराय से रेस्क्यू टीम को बुलाया। जहां करीब 40 मिनट मशक्कत के बाद टीम द्वारा युवक को निकाला गया। जिसके बाद आनन- फानन में उसे सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**छोटेलाल करमाली के रूप में मृत युवक की हुई शिनाख्त**

मृत युवक का शिनाख्त टंडवा चतरा निवासी 32 वर्षीय छोटेलाल करमाली के रूप में की गई। जो कुजू कोलियरी स्थित खेल मैदान के निकट धौड़ा में रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह युवक 2 दिन पूर्व ही बेड़ो रांची स्थित ससुराल से कुजू पहुंचा था। बताया जाता है कि शुक्रवार की संध्या करीब 6 बजे उक्त खदान में अपने एक साथी के साथ कोयला काटने के लिए गया था। इसी बीच असंतुलित होकर छोटेलाल करमाली खदान के अंदर गिर गया, जिससे वह चोटिल हो गया और गैस रिसाव के चपेट में आ गया। ग्रामीणों के अनुसार, छोटेलाल करमाली कोयला काटने के अलावे मुर्गी व्यवसाय का कार्य करता था।

**सीसीएल का दावा : अवैध सुरंग के बारे में नहीं है जानकारी**

सीसीएल कुजू कोलियरी की बंद पड़ी 7/8 भूमिगत खदान से करीब एक सौ मीटर की दूरी पर अवैध कोयला उत्खनन सुरंग के बारे में सीसीएल द्वारा दावा किया जा रहा है कि इसके बारे में सीसीएल को जानकारी नहीं है। अब सवाल उठता है कि बन्द पड़े भूमिगत खदान से मात्र एक सौ मीटर की दूरी पर और चहल कदमी सड़क के साथ पास में स्कूल और मैदान भी है। इसके बावजूद भी सीसीएल प्रबंधन को जानकारी नहीं होना सोचनीय विषय है। मौत की घटना के बाद सीसीएल ने अवैध कोयला उत्खनन सुरंग होने की बात स्वीकार की है।


**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला**

**Walk in Interview**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत अटल क्लिनिक के संचालन हेतु निजी चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है। निजी चिकित्सक की सेवा चार घंटों के लिए सुबह हेतु आवश्यकता है:-

Walk in Interview की तिथि- 21.10.2022
समय - मध्याह्न 12.00 बजे।
स्थान- सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला।

**अटल क्लिनिक में चिकित्सक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक शर्तें:-**

| क्र. सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउंसिल चीफ इंडिया से मान्यता प्राप्ता किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री। |
| 2. | उम्र सीमा | अधिकतम 70 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वेद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगा) |
| 3. | मानदेय | 1400 रू. प्रतिदिन X 25 दिन = 36400/रू. |
| 4. | कार्य का समय | 08:00 से 12: 00 बजे सुबह |
| 5. | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |

आवेदक अपना बायोडाटा एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो लेते आए।

ज्ञापांक : 2756/ गुमला, दिनांक : 15.10.2022

ह./- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

# डिजिटल पावर

कुछ दिनों पहले वित्त वर्ष 2023 में भारत की अनुमानित जीडीपी ग्रोथ को 7.4 से घटा कर 6.8 फीसदी करने के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने ठीक ही कहा है कि 'जब दुनिया पर काले बादल छाये हैं, तो भारत चमक रहा है।' 2022 में ग्लोबल इकॉनमिक ग्रोथ 3.2 फीसदी और 2023 में 2.7 फीसदी रहने का अनुमान है। ऐसे में 7 फीसदी से कुछ कम ग्रोथ काफी अच्छी कही जायेगी, लेकिन आइएमएफ ने सिर्फ इसी वजह से भारत के चमकने की बात नहीं कही है। उसने इस ग्रोथ की वजह डिजिटाइजेशन को माना है, जो एक स्ट्रक्चरल रिफॉर्म (ढांचागत सुधार) है। आइएमएफ ने खासतौर पर इस सिलसिले में डिजिटल आइडी यानी आधार की मदद से लोगों तक सरकारी सेवाओं को पहुंचाने का जिक्र किया है। डिजिटल इकॉनमी और रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में भी दुनिया को भारत से काफी उम्मीदें हैं। एजेंसी ने भारत के डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) सिस्टम की तारीफ की। उसने कहा कि इससे दुनिया काफी कुछ सीख सकती है, यह किसी चमत्कार से कम नहीं। आइएमएफ की यह तारीफ यूं ही नहीं है। केंद्र सरकार ने डीबीटी के जरिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, पेंशन, किसान सम्मान निधि, सब्सिडी, स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों को मदद दी है। 1 जून 2013 को शुरू हुए इस सिस्टम से अब केंद्र सरकार के तकरीबन 64 मंत्रालयों की सवा पांच सौ से भी अधिक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। सरकार ने 2020-21 में डीबीटी से 5.52 ट्रिलियन रुपये ट्रांसफर किये थे। ताजे आंकड़े बताते हैं कि 2021-22 में डीबीटी ट्रांसफर बढ़ कर 6.3 ट्रिलियन रुपये हो गया। आइएमएफ से पहले वर्ल्ड बैंक ने भी भारत के डिजिटाइजेशन की प्रशंसा की थी। उसने भी कहा था कि बाकी देशों को डीबीटी जैसी व्यवस्था बनानी चाहिए, लेकिन ये संस्थाएं जिस डिजिटल इकॉनमी और डिजिटाइजेशन की बात कर रही हैं, वह सिर्फ डीबीटी तक ही सीमित नहीं है। यूपीआइ, कोविन ऐप जैसी कामयाबियां भी भारत के नाम दर्ज हैं। इनकी खास बात यह है कि ये वेंचर सरकार ने शुरू किए। यूपीआइ को सरकार के सपोर्ट से बनाया गया और फिर उसे निजी क्षेत्र के लिए खोला गया। देश में डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ाने में इसका अहम योगदान रहा है। इधर सरकार ने ओएनडीसी के जरिये रिटेल क्षेत्र में एक पहल की है, जो छोटे कारोबारियों को मजबूत बनायेगी। अगर यह प्रयोग भी कामयाब हुआ, तो डिजिटल इकॉनमी में छोटे कारोबारियों की हिस्सेदारी बढ़ेगी और वे ऐमजॉन और वॉलमार्ट के नियंत्रण वाली फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों के मुकाबले खड़ा हो पायेंगे। यह बात भी सही है कि भारत को डिजिटल इकॉनमी को आगे ले जाने के लिए कई और इनोवेशन करने होंगे और मौजूदा प्रोडक्ट्स में जो गड़बड़ियां पेश आ रही हैं, उन्हें दूर करना होगा। लेकिन इसके साथ जो भी देश ऐसे इनोवेशन को अपनाना चाहें, सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए। इनसे देश की सॉफ्ट पावर बढ़ेगी।

**सरकार ने ओएनडीसी के जरिये रिटेल क्षेत्र में एक पहल की है, जो छोटे कारोबारियों को मजबूत बनायेगी। अगर यह प्रयोग भी कामयाब हुआ, तो डिजिटल इकॉनमी में छोटे कारोबारियों की हिस्सेदारी बढ़ेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**धारा-66-ए को संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) यानी अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ मानते हुए सन 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे निरस्त कर दिया था। सुप्रीम फैसले के बावजूद कई राज्यों की पुलिस इस अप्रासंगिक कानून के तहत एफआइआर दर्ज करती रही। हद तो यह हो गयी कि झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पटना, बॉम्बे, गुजरात और केरल के हाइकोर्टों में भी खत्म हो चुके कानून के तहत जज लोग मामलों को सुन रहे थे।**

# कानून की किताबों में भी बदलाव जरूरी

विराग गुप्ता

सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के अनुसार आइटी एक्ट की धारा 66-ए के तहत दर्ज सभी एफआइआर, गिरफ्तारी और मुकद्दमे खत्म होने चाहिए। इस पर सही तरीके से अमल हुआ तो एफआइआर और चार्जशीट से धारा-66-ए का आरोप हट जायेगा, लेकिन अन्य धाराओं के तहत जांच या मुकद्दमे जारी रहेंगे। धारा-66-ए को संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) यानी अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ मानते हुए सन 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे निरस्त कर दिया था। सुप्रीम फैसले के बावजूद कई राज्यों की पुलिस इस अप्रासंगिक कानून के तहत एफआइआर दर्ज करती रही।

हद तो यह हो गयी कि झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पटना, बॉम्बे, गुजरात और केरल के हाइकोर्टों में भी खत्म हो चुके कानून के तहत जज लोग मामलों को सुन रहे थे। पिछले साल जस्टिस नरीमन ने कहा था कि कानून निरस्त होने के बावजूद मामले दर्ज होना भयावह है। उस समय अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कानून की किताबों में धारा-66-ए दर्ज होने से समस्या हो रही है, लेकिन फुटनोट में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लेख होता है।

**झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पटना, बॉम्बे, गुजरात और केरल के हाइकोर्टों में भी खत्म हो चुके कानून के तहत जज लोग मामलों को सुन रहे थे।**

अटॉर्नी जनरल ने आश्वासन दिया था कि इस गलती को जल्द सुधारा जायेगा, लेकिन केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी करने के अलावा ठोस कार्रवाई नहीं की। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर अमल नहीं होने पर अवमानना की कार्रवाई हो : सुप्रीम कोर्ट के ऐसे कई ऐसे फैसले हैं, जिन पर पुलिस और निचली अदालतों द्वारा अमल नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले या सरकारी एडवाइजरी का इस्तेमाल बड़े वकील अपने रसूखदार मुवक्किलों को बचाने के लिए कर लेते हैं, लेकिन मुख्य समस्या आम आदमी को होती है, जिन्हें कानून की बारीकियों की समझ और ऐसे अनेक फैसलों की जानकारी नहीं होती।




**सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले में राज्यों के गृह सचिव और डीजीपी को सभी लंबित मामलों में से धारा-66-ए हटाने को कहा है। सोशल मीडिया पर उत्तेजक, आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री डालने या प्रसारित करने पर रोक लगाने के लिए आइटी एक्ट में सन 2009 में धारा-66-ए को जोड़ा गया था, जिसके तहत पुलिस को गिरफ्तारी के मनमानी के अधिकार मिले थे।**

सुप्रीम कोर्ट ने ललिता कुमारी मामले में 2013 में फैसला दिया था कि संगीन मामलों में एफआइआर जरूर होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के अनुसार बेल नियम है और जेल अपवाद। उसके बावजूद निचली अदालतों से लोगों को जमानत नहीं मिलती। पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हालिया फैसले में डॉ कुमार विश्वास और भाजपा नेता बग्गा के खिलाफ एफआइआर रद्द कर दी है। ऐसे फैसलों को नजीर माना जाये, तो सभी राज्यों में राजनीतिक कारणों से दर्ज एफआइआर रद्द हो जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले में राज्यों के गृह सचिव और डीजीपी को सभी लंबित मामलों में से धारा-66-ए हटाने को कहा है। सोशल मीडिया पर उत्तेजक, आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री डालने या प्रसारित करने पर रोक लगाने के लिए आइटी एक्ट में सन 2009 में धारा-66-ए को जोड़ा गया था, जिसके तहत पुलिस को गिरफ्तारी के मनमानी के अधिकार मिले थे। इस कानून में दर्ज अपराध के लिए 3 साल तक की जेल और जुर्माना का प्रावधान था। कानून रद्द होने के बाद 11 राज्यों में 1307 मामले दर्ज होने के प्रमाण सर्वोच्च अदालत को दिए गये। देश की राजधानी दिल्ली में ही 66-ए के तहत सात मामले लंबित थे।

ऐसे मामलों में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई और सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का मामला दर्ज नहीं होने से सिस्टम में सुधार का एक्सीलेटर तेज नहीं हो रहा। सरकार और संसद द्वारा कानून की किताबों में बदलाव नहीं : संविधान के अनुच्छेद 141 के अनुसार 66-ए जैसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट का आदेश देश का कानून माना जाता है। लेकिन 'कानून माने जाने' और 'कानून होने' दोनों में बहुत फर्क है। संविधान के अनुसार कानून की किताबों से धारा-66-ए को हटाने की जिम्मेदारी भी संसद की है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन तलाक के मामले में फैसले के बाद सरकार ने कानूनों में बदलाव किया, परंतु 66-ए जैसे मामलों में ऐसा क्यों नहीं होता है? कानून और व्यवस्था का मसला राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में होने की वजह से 66-ए के तहत अधिकांश गिरफ्तारियां भी राज्यों की पुलिस द्वारा की गयी। सन 2015 में श्रेया सिंघल मामले में सभी राज्यों का पक्ष नहीं सुनने की वजह से पुलिस को औपचारिक तौर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूरी तामील नहीं हुई थी। उसके 4 साल बाद जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला आया, तो फिर फैसले की कॉपी को राज्यों और जिले में भेजने का आदेश दिया गया। अब नये फैसले में जजों ने निर्देश दिया है कि आइटी कानून के बेयर एक्ट्स में इस कानूनी बदलाव की जानकारी दी जाये।

इससे आम जनता के साथ पुलिस और न्यायिक अधिकारियों की जानकारी भी बढ़ेगी। केंद्र सरकार के मंत्री पिछले कई सालों से 66-ए जैसे नये कानून लाने की बात करने बावजूद, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार आइटी एक्ट से 66-ए को हटाने और नया कानून लाने में विफल रहे। अधिकारी, सांसद, मंत्री और जज लोग संविधान की शपथ लेने के बावजूद, संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करते। 66-ए जैसे मामलों में विफलता देश के सिस्टम की बदहाली को ही दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के अनुसार कानून की किताबों में बदलाव का ठोस सिस्टम शुरू हो, तो पुलिसिया ताकत का दुरुपयोग रुकने के साथ भ्रष्टाचार और अराजकता में कमी आ सकती है।

**(लेखक : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक सरयू राय ने बिरसानगर के 59 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय विधानसभा क्षेत्र बिरसानगर में शहरी ग्रामीण लाभुकों को पेंशन योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटे रहे। भाजमो बिरसानगर मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार के नेतृत्व में बिरसानगर संडे मार्केट के पास एक कार्यक्रम का आयोजन कर 59 बुजुर्ग जरूरतमंद लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक सरयू राय, विशिष्ट अतिथि भाजमो महिला अध्यक्ष मंजू सिंह शामिल हुए। भाजमो मंडल के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर बिरसानगर के सैकड़ों लाभुक उपस्थित रहे। विधायक सरयू राय ने बताया बारीडीह कार्यालय के माध्यम से अबतक लगभग 410 से अधिक वृद्धा पेंशन व विधावा पेंशन का लाभ लाभुकों को दिलाया जा चुका है। अभी कई आवेदन और प्राप्त हुए है। विभाग में भेज दिया गया है। जिसकी स्वीकृति शीघ्र मिल जाएगी। श्री राय ने बताया बिरसा नगर के रहने वाले 59 लाभुकों के बीच पेंसन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।उनके कार्यालय से पेंशन से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी अशोक कुमार को दी गयी है। योग्य लाभुक कार्यालय में उनसे संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा इसके आलावे कई स्वीकृति पत्र विधायक कार्यालय में हैं। उन्होंने कहा जिन्होंने कार्यालय पहुंचने में असमर्थ है फोन से संपर्क कर अपने आवास में मंगा सकते हैं।

श्री राय ने कहा आज बुजुर्ग जरूरतमंद लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण कर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा सरकारी योजना है इसका लाभ सभी को मिलना चाहिए। ताकि बुजुर्ग माता-पिता का सहारा बन सके। वहीं बिरसानगर मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार ने बताया विधायक सरजू राय के पहल पर विगत दिनों बिरसानगर में कैंप का आयोजन किया गया था। भाजमो मंडल के द्वारा आयोजित कै७ प में आवेदन फॉर्म जमा कराया गया था। आज विधायक सरयू राय के द्वारा 59 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। पेंशन की स्वीकृति मिलने पर लाभुकों में उत्साह का माहौल बनी रही। बिरसानगर के सैकड़ों लाभुकों ने विधायक सरयू राय के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजमो के एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कोया एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजमो जिला मंत्री विकास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू सिंह, निजी सिचव सुधीर सिंह, एम चंद्र शेखर राव, सरस्वती खामरी, इंदरजीत सिंह, प्रसन्नजीत सिंह, खुसबू देवी, बलदेव सिंह, राजू लोहार, सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश ठाकुर, विजय कर्मकार, सहदेव रविदास, सूरज हेमब्रम, सुभाशिष दास, लक्ष्मी सरकार, गुरमीत कौर, दीप्ती पटेल, अनीता देवी, पोम्पा बनर्जी, महुवा चक्रबोती उपस्थित रहे।

# कुणाल षाड़ंगी ने राज्यपाल से की मुलाकात

**राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चिकालीन हड़ताल और विश्वविद्यालय में प्रोफेसर की नियुक्ति पर पहल करने के लिए की अपील**

आजाद सिपाही सवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। शनिवार को राँची राजभवन में मुलाकात के दौरान कुणाल षाड़ंगी ने जमशेदपुर की कई समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। कुणाल ने राज्यपाल रमेश बैस को महीने भर से राज्य के राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर संज्ञान लेने और जरूरी पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कुणाल षाड़ंगी ने बताया राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर राज्य सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नही करने पर राजस्व संबंधित सभी कार्यो के अलावा आय, जाति, निवास, भूमि प्रतिवेदन, नामांतरण, विकास कार्य से संबंधित भूमि प्रतिवेदन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कार्य बुरी तरह से प्रभावित हैं। छात्रों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने में परेशानी हो रही है। छात्रों के द्वारा नामांकन और बहाली में जमा करने वाले कागजात समय पर जमा नहीं हो पा रहा है। विभिन्न प्रकार के कार्य पूरी तरह से ठप्प हो गए हैं। ग्रामीणों का परेशानी बढ़ गया है।कुणाल षाड़ंगी ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में विभिन्न विषयों पर प्रोफेसर की नियुक्ति की धीमी प्रकिया एवं गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के हड़ताल कर्मचारी की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया छोटा गोविंदपुर में बीते शुक्रवार से जलापूर्ति बाधित है। उन्होंने बताया कर्मियों को बीते 2 माह से वेतन नहीं मिली है। ब्लैकलिस्ट हो चुकी आईएलएंडएफएस द्वारा बीते 2 साल से अबतक पीएफ, ईएसआईसी/ मेडिकल, ओवरटाइम व अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने राज्यपाल से इन विषयों पर संज्ञान लेकर जरूरी पहल करने का आग्रह किया। जानकारी मिलने पर राज्यपाल ने समीक्षा कर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

# आजसू पार्टी के सम्मेलन की तैयारी में जुटे पूर्व मंत्री

**जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** आजसू पार्टी का कोल्हान प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सपथ ग्रहण समारोह चांडिल डैम परिसर में 18 अक्टूबर का आयोजन किया जाना है। शनिवार को पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने सम्मेलन की सफलता के लिए जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड अंतर्गत काटीन सामुदायिक भवन में सभी अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी एवं वरीय नेतागणों के साथ बैठक की। बैठक में सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

पूर्व मंत्री ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश के साथ कई जिम्मेदारी दी। पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस ने कहा किसी भी राज्य के लिए जनता ही सर्वोपरि है। उन्होंने कोल्हान के सभी जिले में युवाओं को आगे आकर पार्टी के समर्थन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा सम्मेलन में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं के उपस्थिति दमदार होगी। उन्होंने कहा पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में जनता के समर्थन प्राप्त आजसू पार्टी आने वाले दिनों में मजबूती से चुनाव लड़ेगी, जिसका लाभ सीधे जनता तक पहुंचेगी। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित के बातों को सुनने के बाद दूर दराज से आये सभी पार्टी समर्थकों में काफी जोश देखा गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अजीत महतो, मनोहर महतो, रामकृष्ण महतो, केदार महतो, सरकार महतो, भक्त रंजन कुंभकार, अनाथबंधु कुंभकार, उत्तम महतो, राजा महतो, मुचिराम कर्मकार, सुधीर महतो, तोपानंदो गोप, संतोष महतो,राजा महतो, आरती महतो, कौशल्या महतो, रेणुका महतो सहित पटमदा प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन में डूबते युवक को बचानेवाले युवाओं को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पिछले दिनों जमशेदपुर में दुर्गा पूजा बहुत ही उमंग एवं उत्साह से मनायी गयी। दशमी के दिन प्रतिमा विसर्जन के दरमियान बागबेड़ा लाल बिल्डिंग दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य वरुण चक्रवर्ती बड़ौदा घाट पर पैर फिसल जाने के कारण खड़कई नदी में गिर गये और गहरे पानी के तेज बहाव में डूबने लगे। हाहाकार मचते ही वहां माजूद दो युवा नितिन गोस्वामी एवं गौरव दास ने अपनी जान की चिंता किये बिना तुरंत पानी में छलांग लगा कर बड़ी मशक्कत से वरुण को बचाया था, जिसमें दोनों युवाओं ने साहस और शौर्य को दर्शाया था। दोनों युवाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहर की सामाजिक संस्था 'शौर्य' के तत्वावधान में शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दोनों युवाओं को शॉल ओढ़ा कर एवं पौधा देकर सम्मानित किया।

रघुवर दास ने दोनों युवाओं की इस साहस भरे कार्य के लिए प्रशंसा की। रघुवर ने कहा कि आज के जमाने में बहुत कम देखने को मिलता हैं कि कोई व्यक्ति किसी की जान बचाने के लिए अपनी जान को खतरे में डाला। प्रतिमा विसर्जन के दिन इन दोनों युवाओं के द्वारा किया गया कार्य इनकी शौर्यता और साहस को दशार्ता हैं, जो अद्भुत हैं। उन्होंने इन दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला प्रशासन को भी ऐसे लोगों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करना चाहिए. सम्मान कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने किया व ज्ञान प्रकाश का सहयोग रहा। इस दरमियान मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, भूपिंदर सिंह, पवन अग्रवाल, राकेश सिंह, ज्ञान प्रकाश, सुशांतो पांडा, धर्मेंद्र प्रसाद, ओंकार सिंह, सुनील बारी, रंजीत उपाध्याय, मुन्ना सिंह, भरत शर्मा, बिनोद गुप्ता, अमित मिश्रा, मोहित पांडेय, धनेश्वर सिंह, किशोर साहू, अनिल अग्रवाल, उमेश गिरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### समाजसेवी नंदकुमार गुप्ता की मां के निधन पर मंत्री मिथिलेश सहित कई नेताओं ने किया शोक प्रकट





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सोनपुरवा मोहल्ला निवासी आर्य समाज गढ़वा के प्रधान सह शहर के जाने-माने व्यवसायी व समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता की मां श्याम दुलारी देवी का निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थीं। उनके निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजीव राज तिवारी सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया है। बताते चलें कि स्व. श्यामदुलारी देवी गढ़वा के प्रसिद्ध समाजसेवी नकछेदी बाबू की पुत्रवधु थीं। जो आर्य समाज के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। साथ ही साथ बहुत सुन्दर भजन भी गाती थीं। अपने सरल स्वभाव, मिलनसार और शार्प मेमोरी के लिए जानी जाने वाली श्यामदुलारी देवी के निधन से शहर की महिलाओं में भी काफी काफी शोक है। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार डंडा नदी के तट पर आर्य समाज पद्धति से पूरे विधिविधान के साथ किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टाटीदीरी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का उद्घाटन मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, बीस सूत्री अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, बीडीओ अरूण कुमार सिंह, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, प्रमुख शांती देवी व स्थानीय मुखिया सगुनी राम, बीडीसी सुरेंद्र साव ने सामूहिक रूप दीप प्रज्वलित कर किया। करने के बाद रिबन काटकर किया। इसके बाद मजिस्ट्रेट और बीडीओ ने शिविर में जुटी भीड़ व ग्रामीणो को बताया कि इस शिविर में आप अपनी समस्याओं को खुलकर रख सकते हैं। इसके अलावा राज्य सरकार की बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं हैं जिसका लाभ लेने के लिए योग्य जरूरतमंद ग्रामीण आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस शिविर में अधिकांश छोटे-छोटे मामलों में त्वरित कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं आवेदन देने वाले ग्रामीणों को प्राप्ति रशीद भी दी जाएगी, वहीं प्राप्ति रसीद लेने के बाद ग्रामीण अपनी समस्याओ का शिविर के बाद भी मॉनीटर कर सकते हैं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पंचायत सेवक छवि सिंह, अमजद अंसारी, पूर्व जिप सदस्य जानकी सिंह, जेएमएम के धीरेंद्र कुमार एहसान अंसारी शैलेश यादव, अनिरुद्ध गुप्ता, शालिग्राम गुप्ता, रामकिसुन कोरवा, बीएओ अंबुज कुमार, बीपीआरओ चंद्रकिशोर, पंचायत कोडीनेटर जीतेंद्र कुमार, आवास कोडीनेटर मनिष कुमार अंचल निरीक्षक विभुती नरायण सिंह सहित सभी विभाग के कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्र हित में जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में एनसीसी की स्थापना की जाये : संघ

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में संघीय पदाधिकारियों ने आज एनसीसी डालटनगंज पलामू के समावेशी पदाधिकारी कर्नल अमिताभ मुखर्जी के नाम से गढ़वा जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में छात्र हित में एनसीसी की स्थापना करने की मांग ज्ञापन पत्र के माध्यम से रखी है। ज्ञापन पत्र सूबेदार मेजर कुलदीप खलखो को सौंपा गया। इस बाबत जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज गढ़वा के प्रांगण में एनसीसी के द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक जिले के माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग पांच सौ छात्रों को कैम्प आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षणोपरांत सभी सफल छात्रों को ए, बी या सी सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। इसी कैम्प में पहुंचकर झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के संघीय पदाधिकारियों ने सूबेदार मेजर कुलदीप खलखो एवं हवलदार हिमांशु अहीर से मिलकर शेष विद्यालयों में एनसीसी की स्थापना करने से संबंधित कई जानकारियॉ प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गढ़वा जिले में कुल 92 माध्यमिक विद्यालय हैं और इनमें से 35 माध्यमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक कार्यरत हैं, परन्तु, अभी तक मात्र तीन माध्यमिक विद्यालयों (राजकीयकृत गोविन्द प्लस टू उच्च विद्यालय, राजकीयकृत रामसाहु प्लस टू उच्च विद्यालय एवं राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय मेराल, प्रक्रियाधीन) में ही एन0 सी0 सी0 की स्थापना हो सकी है. जो बड़े ही खेद का विषय है। मौके पर जिलासचिव नागेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष सरफुल्लाह अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** पेयजल व अन्य समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय में कक्षा का किया बहिष्कार

# विद्यार्थियों ने प्रशासनिक भवन के गेट में जड़ा ताला

**महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को समझा कर मामले को शांत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय में शुक्रवार को आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी कर दी। महाविद्यालय कैंपस में पेयजल समेत कई अन्य समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राएं इतने आक्रोशित थे कि किसी भी प्राध्यापक एवं कर्मचारी को प्रशासनिक भवन के अंदर नहीं जाने दिया। इस दौरान महाविद्यालय के सत्र 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 के करीब 140 विद्यार्थियों ने प्रशासनिक भवन के मुख्यद्वार के बाहर बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। महाविद्यालय में यह स्थिति दोपहर 12 बजे तक बनी रही। बाद में महाविद्यालय प्रशासन ने समझा कर मामले को शांत कराया।

बताया जा रहा है कि कृषि महाविद्यालय के ब्यायज एवं गर्ल्स होस्टल में पिछले एक माह से आरओ खराब पड़ा है। इससे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है। विद्यार्थी बाजार से पानी खरीदकर पी रहे हैं। विद्यार्थियों की मानें तो उन्होंने कई बार महाविद्यालय प्रशासन से खराब पड़े आरओ को ठीक कराने की मांग की है। लेकिन कभी भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इससे विवश होकर उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली गुल होने पर विद्यार्थियों को अंधेरे में गुजारना पड़ता है। जेनरेटर की कौन कहे, यहां इंवर्टर-बैटरी की सुविधा भी नहीं है। कालेज तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क होने के कारण हल्की वर्षा होने पर भी कीचड़ से होकर आना जाना पड़ता है। विद्यार्थियों ने कहा कि कृषि कालेज होने के बावजूद यहां पर कोई फार्म नहीं है और न ही खेलने के लिए कोई क्रीड़ा स्थल ही है। वहीं कालेज की कोई अपनी बस की सुविधा भी नहीं है। एक एंबुलेंस है। लेकिन उसके लिए भी स्थायी चालाक नहीं है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में कालेज कैंपस में रहने वाले विद्यार्थियों को कोई देखने व पूछने वाला भी नहीं है। विद्यार्थियों ने कहा कि वर्ष 2020 से लेकर अबतक महाविद्यालय के एसोसिएट डीन डा. एसके पाल गायब हैं। वे महाविद्यालय में आते ही नहीं हैं। इस कारण कृषि महाविद्यालय की ऐसी लचर हालत हुई है। जबकि महाविद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू होने के बाद अभी तक कुलपति भी नहीं आये हैं। वहीं महाविद्यालय का मुख्य भवन नहीं बन पाया है। इससे विद्यार्थियों को प्रयोगशाला से वंचित होना पड़ रहा है। महाविद्यालय में प्राध्यापक के 64 पद स्वीकृत हैं। लेकिन फिलवक्त चार-पांच प्रोफेसर के सहारे शिक्षण कार्य किसी तरह संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय की मान्यता अभी भी अधर में लटकी हुई है। इससे यहां के विद्यार्थी आइसीएआर के किसी भी संस्थान में उच्च शिक्षा में दाखिला नहीं ले सकते।

विद्यार्थियों ने कहा कि उनके अभिभावकों ने सरकारी महाविद्यालय में कम खर्च में बेहतर शिक्षा तथा भविष्य सुरक्षित होने की सोच के साथ नामांकन कराया है, लेकिन यहां तो स्थिति ही उल्टा है।



### आरओ को दुरुस्त करा दिया गया है, अब कोई समस्या नहीं है : महाविद्यालय प्रशासन

कृषि महाविद्यालय के ब्यायज एवं गर्ल्स होस्टल में पिछले एक माह से आरओ खराब होने से से विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। विद्यार्थी बाजार से पानी खरीदकर पी रहे थे। आरओ को दुरुस्त करा दिया गया है। साथ ही विद्यार्थियों की मांगों के अनुरुप उप कुलपति व डीन के साथ उनकी मीटिंग करा दी जाएगी। अब कोई समस्या नहीं है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया चार योजनाओं का शिलान्यास



**नगर पंचायत क्षेत्र को सजाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है : विजयालक्ष्मी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 एवं 9 में चार योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी ने किया। मौके पर विजया लक्ष्मी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को सजाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। 17 वार्डों में विकास की गंगा बह रही है। सारे वार्डों में पीसीसी रोड, नाली, स्ट्रीट लाइट, महिला समूह को अनुदान, शहर को सजाने के लिए पार्क का प्रस्ताव पास किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज वार्ड 2 में प्रसेनजीत विश्वकर्मा के घर से मनोज गुप्ता के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण, उदेश दास के घर से मनोज गुप्ता के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण, वार्ड 9 में उमाशंकर प्रसाद के घर से अवधेश दास के घर तक पीसीसी पथ, पप्पू मंसूरी के घर से अवधेश दास के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण कार्य 73 लाख की लागत से आज शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समुचित वार्डों का विकास ही मुख्य उद्देश्य है। पीसीसी पथ व आरसीसी नाली बन जाने से इन दोनों वार्डों में काफी सुगमता के साथ वार्डवासी इसका लाभ ले सकेंगे। आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत और कई योजनाओं का चयन किया जा रहा है। जिसका लाभ अगले माह नवंबर में वार्ड वासियों को मिल सकेगा। नवंबर प्रथम सप्ताह में लगभग 37 विकास योजनाओं की निविदा प्रक्रिया की जाएगी, जिससे विभिन्न वार्डों में विकास की गति तीव्र होगी। नगर पंचायत सुंदर स्वच्छ हो इसके लिए हमेशा प्रयासरत हैं।

मौके पर वार्ड पार्षद पुष्पा देवी, शकील अहमद उर्फ गोलू , सूर्यकांत कुमार, अनिल दास अवधेश दास उमाशंकर प्रसाद मुन्ना खान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी ने ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में पीस पोस्टर कांटेस्ट का किया आयोजन

**कांटेस्ट में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की ओर से पीस पोस्टर कांटेस्ट कराया जा रहा है, जो अपने निर्धारित समय दिन के 11.30 बजे से प्रारम्भ हुआ था जो दोपहर के 1.30 तक चला।

इस कांटेस्ट में ज्ञान निकेतन, डीएवी मॉडल स्कूल, मॉडल इन्फेंट स्कूल, आरके पब्लिक, ब्राइट फ्युचर स्कूल, सन्त पॉल स्कूल से 50 स्टूडेंट ने भाग लिया है। इस कांटेस्ट में वैसे स्टूडेंट को शामिल किया गया है, जिनकी उम्र ग्यारह से तरह वर्ष थे।

इस कांटेस्ट में हमारे क्लब से यहां उपस्थित सदस्यों में ला. रजनी गुप्ता, ला. राम नारायण प्रसाद, प्रोजेक्ट चैरमैन ला. सुशील कुमार केशरी, पूर्व अध्यक्ष ला. विजय कुमार एवं अध्यक्ष ला. राजमणि प्रसाद एवं दया शंकर गुप्ता उपस्थित थे। साथ ही इस विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी की भी भागीदारी अति प्रशंसनीय रही।

इस अवसर पर नामित स्कूल के जो शिक्षक आज यहां उपस्थिति देकर भागीदारी निभाये उनका लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी आभार व्यक्त करता है।

इस मौके पर क्लब अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने बताया कि द इंटरनेशनल एसोशियेशन ऑफ लायंस क्लब की ओर से माह सितंबर से अक्टूबर के बीच में स्कूली छात्रों के लिए पीस पोस्टर कांटेस्ट का कार्यक्रम चलाया जाता है।

इस कांटेस्ट को जिलावार इंटर नेशनल लायंस क्लब द्वारा जारी नियमानुसार किया जाता है। प्रत्येक क्लब पीस पोस्टर कराकर प्रतिभागियों द्वारा क्लब की ओर से दिए गए थीम पर हाथों से कार्ड बोर्ड पर चित्र बनाकर समयावधि पर देना पड़ता है। इसके बाद उनके द्वारा बनाये गए चित्र को उनकी प्रतिभा की परख कर क्रमवार तीन श्रेणी में चुना जाता है और उन्हें क्लब द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावे पूरे विश्व स्तरीय प्रतिभागियीयों के चित्र का सलेक्शन थीम के अनुकूल पाये जाने पर 5000 यूएस डॉलर का पुरस्कार प्रथम आने पर दिया जाता है। साथ ही वैसे भी उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले 23 प्रतिभागी को 500 डॉलर देकर पुरस्कृत किया जाता है। यह कांटेस्ट विश्व शांति पर आधारित थीम पर किया जाता है।



### पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस टीम द्वारा शनिवार को पोक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी पप्पू यादव (22) पिता धानदेव यादव मेराल थाना क्षेत्र के अधौरा गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि भुक्तभोगी नाबालिग के शिकायत पर शुक्रवार को मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कस्तूरबा की बच्ची गिरने से हुई घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के फेत्मा गांव निवासी शिव कुमार सिंह की 12 वर्षीय पुत्री रंगीता कुमारी शनिवार की सुबह कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खाना लेने जाने के दौरान गिरने से घायल हो गई। घायल रंगीता कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। रंगीता ने बताया कि विद्यालय के आंगन में बरसात के कारण फिसलन बना हुआ था।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने 150 जरूरतमंद गरीबों को कराया भोजन



**गढ़वा (आजा सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार 18वां सप्ताह लगातार जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया। आज का कार्यक्रम पूर्व अध्यक्ष लायन अमित कश्यप और लायन प्रतिमा कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत रामासाहू उच्च विद्यालय के पास लगभग 150 जरूरतमंदों के बीच आज भोजन वितरण किया गया। लायन प्रतिमा कश्यप ने बताया कि लायंस ग्रीन अपनी सामाजिक सेवा भावना से हमेशा जरूरतमंदों के बीच भोजन, वस्त्र आदि का वितरण करता है और लोगों के जन्मदिन, सालगिरह, पुण्यतिथि आदि के अवसर पर इस तरह का आयोजन हमलोगों के द्वारा निरंतर किया जाता है। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन जयशंकर ब्रेजियर, पूर्व जोन चेयरमैन लायन अमित कश्यप, प्रोजेक्ट सह चेयरमैन लायन आशुतोष अग्रवाल, अध्यक्ष लायन विजय सोनी, लायन विनय कश्यप, संतोष अग्रवाल, लायन उमेश अग्रवाल, लायन अमित केशरी, पूर्व लियो डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनूप कुमार और लियो अध्यक्ष अंकुर दुबे आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल,हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–15/2022–23 ,PR संख्या–278638 Building (22-23) D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 280047 Building(22-23).D

कार्यालयः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।
वन भवन, – गुमला 835207
Mob:-8987790115 (Office) Email:-forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

**आवश्यक सूचना**

श्री सुखदेव राम, सेवानिवृत प्रधान लिपिक, ग्राम–भदौली, पो0–सिसई, थाना–सिसई, जिला–गुमला, झारखण्ड आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1516 दिनांक 26.07.2022, पत्रांक 1547 दिनांक 30.07.2022, पत्रांक 1656 दिनांक 10.08.2022 एवं दिनांक 13.09.2022 के दैनिक समाचार पत्रों द्वारा पेंशन प्रपत्र Online समर्पित करने हेतु निर्देष दिया गया था। किन्तु अब–तक आपके द्वारा अपना पेंशन प्रपत्र Online समर्पित नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है तथा जिसके कारण आपका पेंशन/उपादान की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव महालेखाकार झारखण्ड, राँची को नहीं भेजा जा सका है।

अतः पुनः आपको दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर प्रमंडलीय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पेंषन प्रपत्र Online करायें।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल, गुमला।

PR 280023 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)D


**बैठक :** झामुमो ने अमहर खास एवं पिपरिकला पंचायत में कमेटी विस्तार एवं सदस्यता अभियान चलाया

# दर्जनों लोगों ने ग्रहण की झामुमो की सदस्यता

**संजय चंद्रवंशी को झामुमो की सदस्यता दिलाते हुए सर्वसम्मति से पिपरीकला का पंचायत अध्यक्ष बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा अमहर खास पंचायत एवं पिपरिकला पंचायत में पंचायत कमेटी विस्तार एवं सदस्यता अभियान की बैठक शुक्रवार को पिपरीकला धर्मेन्द्र सिंह के दरवाजे पर प्रखंड अध्यक्ष ललन सोनी के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाने, पंचायत कमेटी का विस्तार एवं संगठन मजबूती को लेकर बैठक में गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, गढ़वा जिला झामुमो उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, सुदेश्वर राम, प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी, गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से आये पार्टी के तमाम नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। वहीं पार्टी के शम्भू राम चंद्रवंशी ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन न कभी कमजोर था और न कभी कमजोर पड़ेगा।

वहीं जिप अध्यक्ष शांति देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि यहां विधायक किसी भी पार्टी का हो, पर सरकार आपकी पार्टी की है। इसलिए साथ दें और अभी से लग जायें, अगली जीत हमारी पार्टी की ही होगी। वहीं पिपरीकला पंचायत अध्यक्ष रामाश्रय यादव का आकस्मिक निधन हो जाने पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के द्वारा संजय चंद्रवंशी को झामुमो पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए सर्वसम्मति से झामुमो पार्टी का पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। वहीं जिप अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडे सभी ने मिलकर झामुमो पार्टी का सदस्यता अभियान के तहत धर्मेन्द्र सिंह, संजय चंद्रवंशी, ज्ञाशुदीन अंसारी, शिव शंकर प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, हसमत अंसारी, पंकज चौधरी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, रविन्द्र गुप्ता सहित सभी को सदस्यता दिलायी।

मौके पर श्यामसुंदर चंद्रवंशी अभियान संयोजक, लव सिंह, गयासुद्दीन अंसारी, कमल देव सिंह, रामनाथ पाल, राजेंद्र चंद्रवंशी, पंकज चौधरी, सिराजुद्दीन अंसारी, संजीव राम, अमेरिका राम पंसारी, योगेंद्र साव, वीरेंद्र पासवान, गंगा भूमिया, नंदू यादव, इंद्रदेव चौधरी, मुबारक अंसारी, राज कुमार चंद्रवंशी, जन्नत हुसैन, मुखलाल बैठा, शेभन पाल समेत झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


**जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग।**

**Category – II बालू घाटों का एम0 डी0 ओ0 चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 सं0 | बालूघाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | रकवा (हेक्ट0 में) | वार्षिक उत्पादन क्षमता (धनफीट में) | निविदा संख्या | बेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | नियम एवं शर्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवाटॉंड़ | बड़कागाँव | 01 (अंश) | 4.15 | 24,98,888 Cft (As per approved mining plan) | 01/22-23 | 15.10.2022 | 22.10.2022 (11.00 AM) | जे0एस0एम0डी0सी0 द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, हजारीबाग। |

नोट :– 1. जे0 एस0 एम0 डी0 सी0, राँची द्वारा Category-A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं जे0 एस0 एम0 डी0 सी0, राँची द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

PR 280044 Mines and Geology(22-23)D

जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग।

## वन समिति अध्यक्ष के चुनाव को लेकर आमसभा का आयोजन



**लातेहार।** सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत के समीप मांजर देवी मंडप के प्रांगण में वन प्रमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार शनिवार को वन सुरक्षा समिति के चुनाव को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। जहां पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों के सर्वसम्मति से जल जंगल जमीन की सुरक्षा को लेकर 21 सदस्यों का चुनाव किया गया। जिसमे अध्यक्ष विदेश्वर सिंह, सह सचिव शिव शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, वही देख रेख सदस्य में प्रमिला देवी गीता देवी गीता देवी, लालो देवी, झुमरी देवी, रानी देवी, खरीदनी सिंह, धर्म सिंह पंचू सिंह, अमर सिंह, मनोज सिंह, रमेश सिंह, को बनाया गया। इस दौरान विशेश्वर सिंह ने कहा कि जिस तरह से ग्रामीणों ने मुझ पर भरोसा कर वन समिति का अध्यक्ष बनाया है मैं पूरी निष्ठा के साथ अपने क्षेत्र के जंगल की रक्षा करूंगा। आगे उन्होंने ने कहा कि पहले जिस तरह से जंगल से सूखे लकड़ी लाने के नाम पर हरे पौधे की कटाई हो रही थी। उसमें रोक लगाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। आगे उन्होंने ने कहा कि पहले से ही हमारे पूर्वजों ने खून पसीना एक कर जंगल को बचाया है। अब मुझे जो ग्रामीणों के सर्वसम्मति से जल जंगल जमीन बचाने का सुरक्षा का दायित्व मिला है। मैं पूरे निस्वार्थ भाव से चलकर अपने जंगल की रक्षा करूंगा यदि किसी के घर में शादी या किसी की मृत्यु हो जाए तो जंगल से सूखे लकड़ी लाने पर किसी तरह का कोई पाबंदी नहीं होगा।

### खनन विभाग को बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश

# सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम से सभी वर्ग को हो रहा फायदा : सत्यानंद भोक्ता

- हिंडाल्को को माईनिंग एवं परिवहन क्षेत्र में खराब सड़क की मरम्मती का निर्देश
- शहर में सुरक्षा की दृष्टि से डीएमएफटी फंड से सीसीटीवी लगाने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड ने कहा कि राज्य में जैसे ही वर्तमान सरकार का गठन हुआ। देश में बहुत बड़ी आपदा आयी। कोविड-19 के दौरान दो वर्ष लोगों को कोविड से बचने और बचाने में सरकार को समय लगा, विकास की ओर ध्यान नहीं जा सका। कोविड-19 में हाट बाजार सब बंद था, लेकिन अब एक वर्षों से जो दिखाई दे रहा है गांव और शहर में, जब कोविड-19 से हमलोग को मुक्ति मिला। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक अभियान आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार पंचायतों में चलाया। इसमें जो बहुत सारी समस्याएं थीं वो बुनियादी समस्याएं थीं। उसमें लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। उसी तर्ज पर अभी राज्य के हर जिले में के सभी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका लाभ सभी वर्ग को मिल रहा है। उक्त बातें मंत्री ने आज लोहरदगा जिला के जिला परिषद सभागार में आयोजित 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक में कही। मंत्री ने कहा कि किसी गांव में कोई भी मुखिया, जिला परिषद, प्रमुख, सांसद, विधायक, पदाधिकारी कोई भी जाते थे, तो वहां पता चलता था कि बीपीएल श्रेणी की बाध्यता के कारण बहुत से लोग लाभ से वंचित थे। श्री भोक्ता ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं वित्तमंत्री को, संसदीय मंत्री को और मुख्यमंत्री को जिन्होंने बीपीएल की बाध्यता खत्म कर लोगों का कल्याण किया। राज्य में सरकार पर ऋण कितना भी बढ़े लेकिन हम राज्य में गरीब को कल्याण का काम करेंगे। मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 36 लाख आवेदन का निष्पादित हुआ है। फिर दूसरा फेज चल रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभी 14 नवंबर तक चलेगा। मंत्री ने कहा कि इसमें अधिकतर फायदा है कि जो गरीब गांव में विकलांग है, विधवा है, जिसका 60 वर्ष से अधिक उम्र है पेंशन नहीं मिल रहा है, जिसका जॉब कार्ड नहीं है, मजदूर कार्ड नहीं है, और कोई योजना की जानकारी नहीं है तो सब विभागों द्वारा स्टॉल लगाए है। स्टॉल में लोग समस्याओं को रखते है और सभी का कल्याण होता है। 20 सूत्री की समीक्षा में मंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग, विशेष प्रमंडल, एनआरईपी, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, नगर परिषद, भवन प्रमंडल, वन एवं पर्यावरण, ऊर्जा, खाद्य आपूर्ति, राजस्व, पथ निर्माण, कल्याण, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, पेयजल एवं स्वच्छता, लघु सिंचाई, श्रम विभाग, नियोजनालय, पर्यटन एवं खेलकूद विभाग, खनन विभाग, परिवहन, उत्पाद, मनरेगा, प्रधान मंत्री आवास, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा आवास की समीक्षा की गयी। मंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाई जा रही मनहे चंदगो सड़क, सनई हापे सड़क, की जांच 20 सूत्री उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद का स्थानीय सदस्य तथा अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी।

### विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को मिला निर्देश

**पशुपालन विभाग को गाय वितरण, मत्स्य उत्पादन, सहकारिता विभाग के फसल राहत योजना के किसानों का पंजीयन की समीक्षा की गयी। नगर परिषद में आवास निर्माण, नाली, शौचालय, शहरी स्ट्रीट भेंडर, हाई मास्क लाइट की समीक्षा की गई, योजनाओं में सांसद एवं विधायक का नाम शीलापट में जोड़ने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र में बने सड़क के खराब होने की जांच सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं 20 सूत्री सदस्य द्वारा जांच करने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमंडल की समीक्षा में एस डी ओ ऑफिस निर्माण, ई वी एम वेयर हाउस, समरणालय भवन, कचरी तहसील, हॉस्टल निर्माण की प्रगति पर निर्देश दिया गया की जो काम शुरू नहीं हुआ है सिलन्यास कराकर कार्य शुरू किया जाय। ऊर्जा विभाग के कार्यपालक अभियंता को जर्जर तारों को बदलने का प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया।**

## मनिका में कोयला लदा ट्रक जब्त



**मानिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड में वन कर्मियों के द्वारा बीते रात्रि छापेमारी कर अवैध रूप से कोयला लोड ट्रक जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार मनिका रेंजर संजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से कोयला लोड करके ट्रक वाहन से ले जाया जा रहा है। जिसके बाद मनिका वनपाल लल्लन उरांव के नेतृत्व में वन विभाग की एक जांच टीम गठित की गयी जिसमें वंरक्षी अजय कुमार पांडे, अमित तिवारी, सुमंत कुमार, अनिल कुमार, कुणाल कुमार, मनोज कुमार, समेत कई अन्य को शामिल किया गया। जिसके बाद वन कर्मियों ने मटलोंग मोड़ के पास छापेमारी चलाई। जहां से कोयला लोड ट्रक को जब्त किया। लेकिन चालक व उप चालक दोनों भाग गये।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के जुंगुर के मटवाटोंगरी में खेल मैदान व फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव और जिप सदस्य बलवंत सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू, मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर, समेत कई अन्य मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इसके साथ ही विधिवत पूर्वक खेल मैदान का स्वर्गीय घूंशी उरांव एवं महेंद्र उरांव के नाम से नामकरण किया गया। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू ने कहा कि खिलाड़ी हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलें खेल से मानसिक एवं शारीरिक दोनों का विकास होता है। कोई हारता है कोई जीता है। मनुष्य को दिन में किसी समय निकाल कर खेल खेलना आवश्यक है। मौके पर नागेंद्र उरांव, गुलाब यादव, नरेश राम, संजय उरांव, नंदकिशोर राम, अरुण कुजूर, प्रमोद राम, राजेंद्र यादव, मनोज उरांव, हरेंद्र उरांव, दीपक विश्वकर्मा, सुजीत उरांव, योगेंद्र उरांव, पंकज कुजुर, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## योजनाओं का सीधा फायदा देना ही मुख्य उद्देश्य : डीडीसी



**चंदवा।** चंदवा राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रखंड में चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे दिन जमीरा में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा भी शामिल हुए। शिविर में पहुंचे श्री वर्मा का जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी के नेतृत्व में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीडीसी श्री वर्मा ने कहा कि जनकल्यालकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीणों को आगे आकर इस शिविर का लाभ उठाना चाहिए। राज्य सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले जिससे उसका और क्षेत्र का हो विकास हो सके। शिविर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, आवास योजना, मनरेगा, ई श्रम विभाग समेत कई विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त किये गए। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जैकमनी टोप्पो, मुखिया दुर्गावती देवी, शुभम कुमार गिरी शीतमोहन मुंडा, सचिव मो इजहार, मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, बब्लू राही समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल



**चंदवा।** चंदवा एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित लाधुप सेन्हा के समीप शुक्रवार देर शाम एक युवक घायलावस्था में सड़क किनारे तड़प रहा था तभी वहां से गुजर रहे लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार की नजर उक्त युवक पर पड़ी जिसके बाद उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को अपने वाहन बिठाया और उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे जहां डॉ नन्द कुमार पांडेय के द्वारा युवक की गंभीरता को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे रिम्स रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान पतरातू चान्हो निवासी बालकिशोर मुंडा के 18 वर्षीय पुत्र सागर मुंडा के रूप में हुई है। घायल युवक के साथी ने बताया कि वह भी लाधुप में आयोजित मैच में खेलने पहुंचा था खेल खत्म होने के बाद वह बाइक से अपने किसी संबंधि के यहां जा रहा था तभी पीछे से आ रहे चेचीस वाहन ने उसे धक्का मार दिया धक्का मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना पर सुरेश गंझू, शितमोहन मुंडा, समेत कई लोग अस्पताल पहुंचे और घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से रिम्स भेजने में मदद की।

## निकाय चुनाव से पूर्व मिलेगा झारखंड में ओबीसी को आरक्षण का लाभ : सत्यानंद भोक्ता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पहुंचे सूबे के श्रम नियोजन मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्थानीय पत्रकारों से कहा कि, झारखंड में महागठबंधन की सरकार निकाय चुनाव का समय आते आते तक ओबीसी आरक्षण का मामला का निपटारा कर लेगी। निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण का लाभ मिलेगा। ओबीसी को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाएगा। कहा कि, बिहार में अभी होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। इस बात को लेकर झारखंड में चर्चा हो रही है। जबकि मामला बिहार का है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन सरकार ओबीसी को 27% आरक्षण देने की घोषणा कर विपक्ष का मुद्दा समाप्त कर दिया है ।इससे पूर्व की बहुमत की सरकार ओबीसी को हमेशा ठगा है। राज्य के महागठबंधन की सरकार ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने की घोषणा कर ओबीसी समाज के प्रति अपनी सोच और नजरिया स्पष्ट कर दिया है।

## प्रकृति के साथ प्रेम का संदेश देती है जतरा : रोहित उरांव

**कैरो।** कैरो प्रखंड के ग्राम गजनी में जतरा टोंका गजनी का किया गया आयोजन। जतरा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि शामिल हुवे लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल इस अवसर पर जतरा कमिटी के द्वारा आदिवासी परम्परा के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत ढ़ोल नागाड़े एवं आदिवासी वेश-भूषा दे कर किया गया स्वागत साथ ही जतरा का सुरुवात प्राथना के किया गया। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा आदिवासी प्रकृति, एवं परम्परा कि पहचान है जतरा, प्रकृति के साथ प्रेम का संदेह देती है जतरा। आदिवासी समाज प्रक्रितिक पूजक है। प्रकतिक के प्रति प्रेम एवं सौहार्द आपसी भाईचारा एवं प्रेम है। साथ ही हम सभी को अपने आदिवासी समाज एवं प्रकृति कि रक्षा करने कि जरूरत है। वर्तमान समय मे पूर्वजो का सपना को साकार करने कि जरूरत है। जतरा में कैरो प्रखंड के ग्राम महुवारी, चाल्हो, गजनी गाराडीह एवं विभिन्न गांवों के खोड़हां के द्वारा जतरा मे आदिवासी नृत्य किया गया एवं ढ़ोल नागाड़े के थाप से पुरे जतरा मे ग्रामीण एवं मुख्य अतिथि झूमते नजर आये इस अवसर पर रोहित उरांव के द्वारा सभी खोडहा मे पंहुच खुद भी झूमें एवं सभी को पुरुस्कृत भी किये।

## पढ़ाई के साथ खेल जीवन का अभिन्न अंग है : प्रभात

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** स्थानीय भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में दो दिवसीय अन्तरसदनीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अवसर था। सीसीए पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप का जिसमें कक्षा एल.के.जी यू.के.जी, प्रथम और द्वितीय के छोटे बच्चों को अनेक प्रकार का एक्टिविटी गेम करवाया गया और कक्षा दो से ऊपर के बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई। इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन कल दिनांक 14 अक्टूबर को विद्यालय के प्रार्थना सभा प्रशाल में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय के अन्य शिक्षक सीसीए प्रभारी सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने प्रतियोगिता शुरू होने से पहले अपने आशीर्वचन स्वरूप सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और हमारे जीवन में खेल का क्या महत्व है इस पर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने खेलकूद से होने वाले फायदों को बतलाया। उन्होंने कहा खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। हमारे दैनिक दिनचर्या में खेलकूद हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे अंदर स्फूर्ति का स्रोत और नई ऊर्जा शक्ति का संचार करता है। सी.सी.ए प्रभारी सूरज कुमार मिश्रा ने कहा कि दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विजेता के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। इन दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर विंग के बच्चों के लिए एक्टिविटी गेम डोमिनोज, अक्षर चयन, तुकबंदी, ब्रेनस्टॉर्मिंग, क्यूरियस कॉर्नर, फन विद पिक्चर जैसे कई मनोरंजन से भरपूर खेल को कराया गया। इसके अलावा कक्षा 1 से 3 के बच्चों के लिए स्पून एंड मार्बल रेस, बैलून ब्लास्टिंग, म्यूजिकल चेयर कंपटीशन आयोजित किया गया। कक्षा 3 से ऊपर के बच्चों के लिए बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, फुटबॉल, स्लो साइकिल रेस, शतरंज जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कबड्डी में बालक वर्ग में दयानंद सदन, बालिका वर्ग में श्रद्धानंद सदन विजयी हुए। स्लो साइकिल रेस में क्रमश :प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर सन्नी, यश, राम पांडेय, बैडमिंटन प्रतियोगिता में क्रमशः बालक वर्ग में प्रीतम प्रिंस, प्रिंस कुमार आयुष कुमार ,सुभाष और श्रीधर बालिका वर्ग में साक्षी, शाहिना अनामिका तान्या, अंजलि, अनुष्का शतरंज प्रतियोगिता में श्रेया प्रिया, अन्वेशा सिंह रिले रेस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय दयानंद सदन श्रद्धानंद सदन, अरविंदो सदन विजेता रहे।

## महिला महाविद्यालय बरही में छात्राओं का होगा सीधा नामांकन : डीएसडब्ल्यू



**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ राजकुमार शर्मा ने बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में हो रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी प्रोफेसर सारोन सुरीन, प्रो रोशन खलखो बरसर प्रोफेसर नईम खान और डॉ शशि गुप्ता के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने महाविद्यालय में हो रहे नामांकन प्रक्रिया की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी छात्राएं जो महिला महाविद्यालय बरही में नामांकन कराना चाहती हैं वे हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, कॉमर्स और इतिहास विषयों में सीधे नामांकन ले सकती हैं इसके लिए उन्हें बलदेव साहू महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी से संपर्क करना होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि बलदेव साहू महाविद्याल में पीजी में नामांकन के लिए पहली सूची प्रकाशित कर दी गयी है। बैठक में उक्त लोगों के अतिरिक्त एनएसएस स्टेट कोर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार डॉ संतोष स्वरूप शांडिल्य, डॉ संजय रविदास प्रो अर्जुन लकड़ा, प्रो मनीष मिश्रा, प्रो मुकेश यादव आदि उपस्थित थे।

## कैरो में चला वाहन चेकिंन अभियान



**कैरो।** थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के आदेशानुसार कैरो थाना पुलिस के द्वारा कैरो-चट्टी मुख्य मार्ग में नरौली मोड़ के पास दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का गहन जांच किया गया। इस दौरान कैरो थाना से पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली दल बल के साथ उपस्थित थे। अवैध गोली-बारूद, हथियार शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के बरामदगी के लिए दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का डीकी विशेष रूप से जांच किया गया। वाहन चालकों से अपना और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाते समय अवश्य रूप से इस्तेमाल करने का सलाह दिया गया। लोगों को यह भी बताया गया कि सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने से सड़क दुर्घटना में बहुत हद तक अपने आप को बचाया जा सकता है। साथ ही सड़क दुर्घटना में होने वाले बेहिसाब खर्चों को भी बचाया जा सकता है। जिसका उपयोग आप अपने घर परिवार एवं बाल बच्चों की पढ़ाई में कर सकते हैं।

### सर्राफा व्यापारी को टॉय पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगनेवाला आरोपी गिरफ्तार

# एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के रिहायशी एरिया मैंना बगीचा स्थित गायत्री ज्वेलर्स के मालिक निलेश खत्री को शुक्रवार अपराहन पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोपी को पुलिस टीम ने तत्काल मौके से गिरफ्तार की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला निवासी आजम कुरैशी के पुत्र कौनेज कुरेशी के रूप में की गई है। सदर थाना में आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 245/22 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। दर्ज मामला में हथियार दिखाकर भयभीत कर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया गया है। इस संदर्भ में शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया है। एसडीपीओ बी एन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौनेज कुरैशी अपराधी प्रकृति का व्यक्ति है। एक माह पूर्व ही वह जेल से रिहा होकर बाहर आया है। उसके विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 10/22 दर्ज है ।उसकी निशानदेही पर पुलिस द्वारा असली जैसा दिखने वाला नकली टॉय पिस्टल जप्त किया है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि घटना के बाद शुक्रवार शाम शहर में व्यापारियों के बीच आपराधिक वारदात को लेकर सनसनी फैल गयी थी।

पुलिस की फौरी कार्रवाई की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। छापामारी दल में पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार, पंकज शर्मा, शैलेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, सुकून सुरेन, अरविंद कुमार शर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## अपग्रेड इपोस मशीन राज्य सरकार क्रय करेगी : मंत्री



**लोहरदगा।** राशन दुकान के माध्यम से ई पोस मशीन से गरीब लाभुकों को होने वाली परेशानी से राज्य सरकार भली प्रकार अवगत है। 2जी पर आधारित ई पोस मशीन को राज्य सरकार यथाशीघ्र अपग्रेड करने में लगी है। झारखंड के सभी राशन डीलरों को राज्य सरकार 4जी पर चलने वाली आधुनिक ईपोस मशीन खरीद कर उपलब्ध कराएगी। उपरोक्त बातें शनिवार को सूबे के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 4जी 5जी पर चलने वाली ई पोस मशीन की खरीदारी राज्य सरकार करेगी। इसको लेकर राज्य कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर लिया गया है। यथाशीघ्र जन वितरण प्रणाली के लाभुकों और राशन डीलरों को इसका लाभ मिलेगा।

## शौंडिक जायसवाल समाज के अध्यक्ष को पितृ शोक

**चंदवा।** चंदवा शौंडिक जयसवाल समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू सह भाकपा नेता को पितृ शोक हो गया है उनके पिता रामा शंकर साहू कई महीनों से बीमार चल रहे थे। जिसे लेकर लातेहार के सदर अस्पताल में उनका इलाज कराया जा रहा था। इलाज के क्रम में बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। इधर शनिवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार देवनद तट पर किया गया। जेष्ठ पुत्र प्रमोद कुमार साहू के द्वारा मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वही स्व रामा शंकर साहू एक अच्छे शिक्षक के साथ-साथ पारंपरिक शस्त्र कला में निपुण माने जाते थे उन्हें सैकड़ों बार रामनवमी के अखाड़े में तलवार बाजी में पुरस्कृत किया जा चुका है। शोक व्यक्त किया गया : शिक्षक रामा शंकर साहू के निधन पर लातेहार जिले के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### कार्यक्रम : आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन

# लाभुकों से आवेदन लिया गया, जांच के बाद मिलेगा लाभ

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय भवन परिसर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह, बीडीओ, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, मंगरा मुखिया, बिपीन बिहारी सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, की मौजूदगी में की गयी। जंहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुन व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया।

शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। सरकार की योजना की जानकारी दी गयी। इस दौरान बीडीओ ने कई विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल में भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे। वही शिविर में स्वास्थ्य जांच, कोविड-19 टीकाकरण भी किया जा रहा था। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत लोगों की समस्या को दूर करने हेतु यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि लोग अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक हो और अपने अधिकार को इस शिविर के माध्यम से प्राप्त कर सकें।

झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत दिया जायेगा।

## लातेहार बुल्स ने जांबाज को 7 विकेट से हराया

**लातेहार।** लातेहार प्रीमियर लीग का पहला मैच लातेहार जांबाज तथा लातेहार बुल्स के बीच खेला गया। जहां लातेहार जांबाज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 39 रन पर ही ढेर हो गयी बनाए। लातेहार बुल्स की ओर सीशुटोश सिंह 3, राकेश तथा आनंद ने दो दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार बुल्स ने 14ओवर में ही 3 विकेट खोकर 40 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमें प्रताप 18 तथा राजन ने 10 रन का योगदान दिया। लातेहार जांबाज की ओर से अंकित गौरव ने 2 विकेट लेने में सफल रहे। मेन ऑफ द मैच लातेहार बुल्स के आशुतोष सिंह को चुना गया। मैच के अंपायर आनंद सिंह तथा न्यूटन आनंद थे जबकि स्कोरिंग समरेश बादल ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार सुपरकिंग तथा लातेहार इंडियन के बीच खेला गया। जहां लातेहार सुपरकिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। जिसमें अजय कुमार साहू 42 तथा अभिजीत 11 रन का योगदान दिया। लातेहार इंडियन विकास पांडेय ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार इंडियन ने 19 ओवर 2 गेंद में पूरी टीम 91 रन पर ही सिमट गयी। जिसमे विकास पांडेय 28 नाबाद, प्रभात 19 तथा रौशन गुप्ता ने 13 रन का योगदान दिया।

# नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार स्व. नहन को मिले राष्ट्रीय सम्मान : झानद



**सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच ने स्व. नहन की जयंती पर किया पुष्पांजलि कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच द्वारा गुमला कचहरी परिसर में नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे झारखंड रत्न सहित कई सम्मान से विभूषित स्व. सहनी उपेंद्र पाल नहन की 92वीं जयंती के मौके पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी सहित कई साहित्यकार व आंदोलनकारी हस्तियों ने स्व. नहन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर बड़े ही आदर्श से उन्हें याद किया।

इस मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी, प्रोफेसर कृष्ण कलाधर, कवि रामप्रसाद साहू, प्रोफेसर भूषण महतो, झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह, सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच के प्रभारी हाफिजुर रहमान, रामउचित सिंह, झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा ने एक स्वर में कहा कि स्व. नहन जैसे साहित्यकार विरले ही पैदा होते हैं। स्व. नहन को मरणोपरांत राष्ट्रीय सम्मान मिलना चाहिए। पुष्पांजलि कार्यक्रम के जरिए गुमला उपायुक्त को तीन सूत्रीय सामूहिक मांग-पत्र सौंपी गई जिसमें मरणोपरांत राष्ट्रीय पुरस्कार केंद्र सरकार द्वारा देने के लिए अविलंब स्व. नहन का नाम सूचीबद्ध करने, गुमला कचहरी में बन रहे नवनिर्मित पुस्तकालय का नामकरण नागपुरी भाषा के भीष्म पितामह रहे स्व. सहनी उपेंद्र पाल नहन के नाम से करने व लाइब्रेरी के सामने स्व. नहन की मूर्ति स्थापित करने तथा नागपुरी, उरांव, मुंडा, खड़िया, संथाली, पंच परगानिया, कुरमाली, खोरठा इत्यादि अन्य भाषा व संस्कृति की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रो. भूषण महतो, अधिवक्ता नंदकिशोर सिंह, विनोद प्रसाद, मो. मेराज, हाफिजुर रहमान, रामउचित सिंह, केशवचंद्र साय, मनबोध बड़ाईक, डोमन साहू, केश्वर सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रणव सिंह, सूरजदेव सिंह, गोपेश्वर गोप, आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, शंकर उरांव, नंदकिशोर पाठक, महेंद्र उरांव, कुसमा मिंज, मालती देवी, राधेश्वरी देवी के अलावे काफी संख्या में कवि, कलाकार, साहित्यकार, बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चैनपुर प्रखंड प्रशासन ने सरकारी जमीन पर से अवैध कब्जा हटवाया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर में सरकारी जमीन पर 65 वर्षों से किये गये अवैध कब्जे को प्रखंड प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। एसडीओ प्रीति किस्कू ने बताया कि उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार शनिवार को अतिक्रमण कर अवैध रूप से कब्जा किये जमीन पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से सरकारी जमीन पर कब्जा कर घर बनवाए हुए थे। नोटिस जारी करने के बाद भी इनके द्वारा सरकारी जमीन को खाली नहीं किया गया। जिसके बाद शनिवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई। वहीं सीओ गौतम कुमार ने बताया कि चैनपुर थाना के बगल में विक्रम रौतिया के द्वारा 1957 से सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। खाता संख्या 186 प्लॉट संख्या 1150 16 डिसमिल जमीन पर 1957 से कब्जा कर अवैध रूप से घर बना लिया गया था। जिसे खाली कराने के लिए कई बार नोटिस भी दिया गया। मगर इनके द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं किये जाने के बाद जाने के बाद प्रशासनिक कार्रवाई की गयी। साथ ही उन्होंने कहा कि चैनपुर में अवैध रूप से कई एक जगह सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, जिसे जल्द बुलडोजर चलाकर मुक्त करा लिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट सुनील कुमार खाखा, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जारी थाना प्रभारी व डुमरी थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## त्वचा और थायराइड के विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चर्म, कुष्ठ, गुप्त रोग एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 16 अक्टूबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें बालों का असमय झड़ना व असमय बालों का सफेद होना, नाखुन का कालापन के साथ-साथ त्वचा संबंधी सभी बीमारियों के रोगियों की जांच की जायेगी।

**निरीक्षण : कार्यपालक पदाधिकारी ने बाजार क्षेत्र की स्वच्छता का लिया जायजा**

# गंदगी फैलाने वालों से करवायी सफाई

**कहा- इस दिवाली घर-दुकान की सफाई के साथ अपने मोहल्ले की सड़कों को भी साफ रखने का लें संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह सड़क पर ही लोगों द्वारा फेंकी हुई गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित दुकानदारों से ही मौके पर गंदगी साफ करवाई। इतना ही नहीं, उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि सड़क पर कूड़ा फेंकने की आदत में सुधार नहीं हुआ तो झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 के तहत न केवल उन पर जुर्माना होगा बल्कि उनका प्रतिष्ठान भी सील किया जा सकता है।

संजय कुमार ने कहा कि दिवाली पर्व से पूर्व हम अपने घर, आंगन, दुकान सभी की समुचित साफ-सफाई करते हैं, किंतु इस दौरान ज्यादातर लोग एक गलती करते हैं कि वे अपने घर से निकला हुआ कूड़ा-कचरा या पुरानी वस्तुएं अपने घर के सामने सड़क पर रख देते हैं, जिससे लोगों का घर तो साफ हो जाता है किंतु सड़कें खासी गंदी हो जातीं हैं।

इसलिए ईओ ने शहर के लोगों से अनुरोध किया कि जिस तरह हम लोग अपने घरों को त्योहारों में साफ-सुथरा करते हैं, ठीक उसी तरह हम प्रयास करें कि कम से कम हमारे घर या दुकान के सामने वाली सड़क को साफ रखने में अपनी-अपनी भूमिका निभायें। क्योंकि जिस प्रकार से माना जाता है कि घर में साफ-सफाई रखने से समृद्धि का वास होता है, उसी प्रकार से शहर की समृद्धि के लिए हमें अपने शहर की साफ-सफाई का भी दायित्व यथासंभव निभाना होगा।

## छठ पर्व के मद्देनजर तालाबों की सफाई को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी ने की बैठक



गुमला (आजाद सिपाही)। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को अपने स्वच्छता जमादारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सोमवार 17 अक्टूबर से अगले एक सप्ताह तक छठ के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाते हुये प्रतिदिन की गतिविधियों से अवगत करायें। इस दौरान छठ पर्व से जुड़े जलाशयों तथा उनके इर्द-गिर्द विशेष रूप से सफाई करवाने के साथ-साथ शहर की सड़कों व नालियों की साफ-सफाई, झाड़ी, घास-फूस आदि की साफ-सफाई को लेकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। पूरे स्वच्छता अभियान के लिए प्रभारी हेलाल अहमद नगर प्रबंधक को बनाया गया। बैठक से पूर्व संजय कुमार ने भट्टी तालाब स्थित छठ घाट का निरीक्षण भी किया।

## क्षेत्रीय खेलों में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**किशनगंज में आयोजित 33वें प्रांतीय खेल प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ियों को कुल तीन स्वर्ण, एक रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** किशनगंज में आयोजित 33वें प्रांतीय खेल के क्षेत्रीय प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें गुमला के खिलाड़ियों को कुल तीन स्वर्ण, एक रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। गत 11 सितंबर को विद्यालय की टीम को खेल प्रशिक्षक आचार्य संजय कुमार के नेतृत्व में किशनगंज के लिए भेजा गया। जिनमें में दो बालक तथा तीन बालिकाएं तथा एक संरक्षक आचार्या साक्षी कुमारी शामिल थीं। इस प्रतियोगिता में अंशु कुमार यादव पैदल चाल 5000 मी. में प्रथम, अंजली कुमारी त्रिकूद में प्रथम, आस्था कुमारी 4x100 रिले- प्रथम, सोनू कुमार 4x100 रिले द्वितीय व लक्ष्मी कुमारी ने पैदल चाल 3000 मी. में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बिहार से लोक शिक्षा समिति तथा भारतीय शिक्षा समिति झारखंड से विद्या विकास समिति के विद्यालयों की टीमें प्रतिभागी के रूप में रहीं। सभी प्रतिभागी विद्यालय के शारीरिक आचार्य संजय कुमार के दिशा निर्देश में प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे थे। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत कुमार मेटे, सह सचिव प्रभात कुमार दास, कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने भैया-बहनों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सरस्वती विद्या मंदिर में जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के सभागार में जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन आचार्य योगेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में हरिशंकर मिश्रा पीपीएम, सुधांशु भूषण मिश्रा एसटीएस गुमला, मुकेश सिंह डीईओ, सदर अस्पताल यक्ष्मा विभाग गुमला के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में हरिशंकर मिश्रा ने छात्रों से सवाल जवाब के माध्यम से स्वच्छता के विषय में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात सुधांशु भूषण मिश्रा ने यक्ष्मा तथा उसके बचाव के बारे में भैया-बहनों को विस्तृत जानकारी दी। मुकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में भैया-बहनों को यक्ष्मा से बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि यदि आपको स्वस्थ रहना है तो स्वच्छ रहना परम आवश्यक है। स्वच्छता के माध्यम से ही हम सभी बीमारियों से लड़ने में समर्थ हो सकेंगे। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने अतिथि द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों का जवाब दिये, जिससे पूरा माहौल रोचक बना रहा।

## मरम्मत के कारण पोकला रेलवे फाटक में 18 को आवागमन बाधित रहेगा

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** पोकला रेलवे फाटक पर मरम्मती का कार्य किये जाने के कारण आगामी 17 अक्टूबर की रात नौ बजे से लेकर 18 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पोकला रेलवे फाटक में वाहनों का आवागमन बाधित रहेगा। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, रेल पथ गोविंदपुर ने शनिवार को दी।

## आग से घर के सभी सामान जल कर खाक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आदर पंचायत के मलगो ग्राम निवासी अंगनी देवी के घर शुक्रवार की देर रात आग लगने से घर के दो कमरे की छत और राशन सहित दैनिक उपयोग के समान जलकर खाक हो गये। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड सदस्य बादल राम शनिवार की सुबह पीड़ित के घर पहुंचे और पीड़ित को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। घटना के बाबत बादल राम ने बताया कि पीड़िता अंगनी देवी विधवा महिला हैं और वह अपने एक छोटे पुत्र के साथ घर में रहती हैं। वहीं पीड़िता ने भी अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा (घाघरा) में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने तरह-तरह की रंगोली बनायी। इस मौके पर विद्यालय की सचिव अंकिताश्री ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश का त्यौहार है। इस पर्व में हम अपने घर को साफ सुथरा करते हैं। रंगोली हमारी परंपराओं की विशेषता हैं। जिससे हम अपने आराध्य के आगमन की इच्छा रखते हैं। साथ ही साथ उसे कलाकृति से सजाते भी हैं। इस मौके पर हम लोग ना सिर्फ अपने घरों को ही साफ सुथरा करते हैं अपितु अपने चारों ओर के वातावरण को भी शुद्ध करते हैं। विद्यालय के मैनेजर योगेश कांत पाठक ने कार्यक्रम में अपने वक्तव्य देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में मानसिक एवं कल्पना शक्ति का विकास करती हैं। यह हमारे देश की परंपरा है और रंगोली का निर्माण करके हम मां लक्ष्मी का आह्वान भी करते हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों में पैंसी ग्रुप क्लास 5 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के ग्रुप में क्रमशः प्रथम स्थान नुपुर ग्रुप क्लास 10, द्वितीय स्थान साक्षी प्रिया ग्रुप क्लास 8, तृतीय स्थान सोनिया ग्रुप क्लास 7 एवं आदित्य ग्रुप क्लास 8 ने प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक, उप प्राचार्य एलटीएन साहदेव के अलावे सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने दिवंगत पारा शिक्षक के आश्रित को दी सहयोग राशि



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई कामडारा के प्रखंड अध्यक्ष अमित कंडुलना व सचिव जगदीश नाग के नेतृत्व पर रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय केनालोया, प्रखंड कामडारा के दिवंगत सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक स्व. डेविड तोपनो के परिवार के आश्रितों को 20100 रु. की सहयोग राशि दी गयी। इस मौके पर दिलोमनी तोपनो, मीना देवी, जुनुल तोपनो, नरेश कुमार सिंह, डोगेश्वर कुमार, लाल विजय हेरेंज, अशोक कुमार नाग समेत अनेक सहायक-अध्यापिका मौजूद थे। ज्ञात हो विगत वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने राज्य में 62000 पारा शिक्षकों के कल्याण के लिए सहायक अध्यापक सेवाशर्त नियमावली बनायी। जिसमें पारा शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा का प्रावधान किया, जो सिर्फ दिखावा बन कर रह गया। आये दिन राज्य के अनेकों सहायक अध्यापकों की किसी न किसी कारण से मृत्यु हो रही है, परन्तु सरकार के नुमाइंदे हम सहायक अध्यापकों के आश्रितों पर ध्यान तक नहीं देते हैं। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से मांग करता है कि स्व. डेविड तोपनो के आश्रितों को जल्द से जल्द अनुकंपा पर नौकरी व मुआवजा दिया जाए।

## सीडीपीओ व बीडीओ ने पाकरकोना आंगनबाड़ी में चयनित सेविका को सौंपा चयन पत्र



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय घाघरा मुख्यालय स्थित पाकरकोना आंगनबाड़ी में चयनित सेविका राजमुनी लकड़ा को शनिवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप और सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने संयुक्त रूप से चयन पत्र सौंपा। इस क्रम में सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने बताया कि विगत 6 महीने से घाघरा पाकरकोना आंगनबाड़ी सेंटर में सेविका की सेवानिवृत्त के बाद पद खाली हो गया था। जिसके बाद आंगनबाड़ी सेंटर प्रभारी सेविका के द्वारा चलाया जा रहा था। वहीं विगत 20 अगस्त को पाकरकोना घाघरा आंगनबाड़ी सेंटर में सेविका के चयन को लेकर ग्राम सभा की गयी थी। जो बीडीओ और अन्य जनप्रतिनिधियों की देखरेख में संपन्न हुआ था। जिसमें अधिक योग्यता के आधार पर राजमुनी लकड़ा का चयन किया गया था। जिसका आज चयन पत्र दिया गया है। वहीं सीडीपीओ ने ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की बात सेविका से कही।

## ग्राम प्रधान, पहान व पुजार गांव और समाज के अगुवा होते हैं : जिग्गा सुसारण होरो

**परिचय सह संवाद कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम प्रधान, पहान व पुजारों के साथ किया सीधा संवाद, कहा**

**अधिकारी इन्हें मान-सम्मान दें तो ये समाज व गांव के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड सभागार में शनिवार को परिचय सह संवाद कार्यक्रम के तहत विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने ग्राम प्रधान, पहान व पुजारों के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान विधायक ने कहा ग्राम प्रधान, पहान व पुजार गांव और समाज के अगुवा होते हैं। सरना, मसना, देवी मंडप में पूजा पाठ के साथ सामाजिक कार्यों की जिम्मेवारी इन्हीं के कंधों पर होती है। सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों की अपेक्षा इन्हें ग्रामीणों व गांव की समस्याओं की जानकारी अधिक होती है। सरकार भी प्रधान, पहान की अध्यक्षता में ग्राम सभा कर गांव के विकास का खाका तैयार कराती है। किन्तु सरकारी अधिकारियों व बिचौलियों की उपेक्षा के कारण इनकी अध्यक्षता में चयनित योजनाओं को पास न कर कई गैरजरूरी योजनाओं पर काम होता है। विधायक ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की इन्हें पूरी पूरी जानकारी के साथ मान-सम्मान देने से ये समाज सुधारने व गांव के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। विधायक ने ग्राम प्रधान, पहान पुजारों से नशापान, अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियों को एक सामाजिक बुराई बताते हुए समाज को इससे निकालते हुए बेटा हो या बेटी सभी को समान शिक्षा दिलाने की अपील की।

इस दौरान बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, चिकित्सा प्रभारी रंजीता मिंज व थाना ने अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कई प्रधान, पहान पुजार, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीस सूत्री सह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव ने विधायक की पहल को सराहनीय बताते हुए अपनी समस्या व बात रखी। मौके पर सभी अठारह पंचायत के ग्राम प्रधान, पहान पुजार सहित सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : एनसीसी 46 झारखंड बटालियन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन**

# थल सैनिक कैंप के प्रतिभागी व फायरिंग के विजेता कैडेट्स किये गये सम्मानित

**ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप के फायरिंग प्रतियोगिता में एनसीसी गुमला के कैडेटों ने की थी मेडलों की बारिश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एनसीसी 46 झारखंड बटालियन के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप के प्रतिभागी तथा फायरिंग के विजेता कैडेट्स एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कुमारी हेमलता बून थे।

कर्नल सुदीप सिन्हा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि देश की खेल नगरी गुमला ने खेल के क्षेत्र में इस वर्ष कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में फायरिंग के क्षेत्र में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के कैडेटों ने मेडलों की बारिश के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बटालियन ने सफलता का जो रिकॉर्ड स्थापित किया है, वह अभूतपूर्व है एवं इसे तोड़ पाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

यह गौरतलब है कि यह सफलता एक दिन में हासिल नहीं हुई। इसके पीछे तत्कालीन कमान अधिकारी कर्नल सुदीप सिन्हा की सटीक रणनीति, बटालियन के पीआइ स्टाफ का उचित मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण और कैडेटों का अथक परिश्रम था। तभी तो जमशेदपुर में एक जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित इंटर बटालियन प्रिटीएसइ कैंप में 31 में 27 कैडेट अगले राउंड के लिए चयनित हुए। इस धमाकेदार शुरुआत के साथ बिहार-झारखंड डायरेक्टरेट लेबल इंटर ग्रुप फायरिंग कंपीटिशन में जूनियर डिवीजन में कैडेट रोहन साहू ने गोल्ड मेडल तथा जूनियर विंग में कैडेट ताशा झा ने गोल्ड मेडल जीतकर बटालियन का नाम रोशन किया। इसके बाद बरौनी में आयोजित प्रिटीएससी तथा टीएससी लॉन्च कैंप में बिहार झारखंड डायरेक्टरेट से कुल 34 कैडेटों का चयन हुआ, जिसमें सिर्फ इस बटालियन के आठ कैडेटों का चयन होना एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

फायरिंग में राष्ट्रीय स्तर पर कैडेट कृष्ण कुमार ने व्यक्तिगत गोल्ड तथा टीम गोल्ड, कैडेट प्रियम राज ने व्यक्तिगत ब्रॉन्ज तथा टीम गोल्ड, कैडेट रोहन साहू ने टीम गोल्ड, कैडेट चंचल कुमारी ने व्यक्तिगत गोल्ड तथा टीम सिल्वर, कैडेट श्वेता कुजूर ने टीम सिल्वर, कैडेट प्रतिभा कुमारी ने टीम ब्रांज जीता है। इन सभी कैडेटों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सभी कैडेटों को बटालियन की ओर से रनिंग ट्रॉफी देकर भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने कहा कि यह उपलब्धि वाकई में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देगी और इस उपलब्धि को बरकरार रख पाना भी बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कर्नल नवीन कुमार ने कैडेटों की इस उपलब्धि पे पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मंच संचालन सोनाली त्रिपाठी ने किया।

### इन कैडेटों को मिला सम्मान

14 सितंबर से 25 सितंबर तक दिल्ली कैंट में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में भाग लेने वाले कैडेट श्वेता कुजूर, कैडेट चंचल कुमारी, कैडेट वंदना कुमारी, कैडेट प्रियम राज, कैडेट कृष्ण कुमार, कैडेट रोहन साहू, कैडेट ताशा झा, कैडेट प्रतिभा कुमारी को सर्टिफि केट तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इन सभी कैडेटों को एडीजी बिहार झारखंड डायरेक्टरेट की ओर से उनके प्रदर्शन के आधार पर तीन हजार से साढ़े सात हजार रुपये तक का कैश इंसेंटिव भी दिया जाएगा।

# गैंगस्टर अमन साहू ने मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को दी जान से मारने की धमकी




**पलामू (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू एक बार फिर से चर्चा में है. इस बार मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंदी रहते हुए उसने यहां के सुपरिटेंडेंट जितेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दे दी है. धमकी मिलने के बाद सुपरिटेंडेंट द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा से की है. एसपी सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इंक्वायरी शुरू कर दी गई है. कार्रवाई की जा रही है. बताते चलें कि पिछले महीने 17 सितंबर को कोयलांचल सहित पलामू, लातेहार, चतरा में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर चर्चा में आए अमन साहू को मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था. जेल में रहते हुए अमन साहू ने अपने काले सम्राज्य को बनाए रखने के लिए सुपरिटेंडेंट पर दबाव डाला और सेंट्रल जेल में मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कहा. इस पर मना करने पर अमन साहू ने मोबाइल के अलावा अन्य माध्यमों से सुपरिटेंडेंट को धमकी दिलाई. सुपरिटेंडेंट जितेन्द्र कुमार ने बातचीत के दौरान कहा कि मोबाइल के अलावा अन्य डिजिटल माध्यम से धमकी दी गयी है. इस संबंध में लिखित जानकारी जिले के एसपी को दे दी है.

## 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं अमन साहू पर

कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पर 50 से ज्यादा आपराधिक मामले पलामू के अलावा राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज है. हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले हैं. इसके अलावा पंश्चिम बंगाल के थाना में कोयला व्यवसायी से रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है. कोयलांचल का यह डॉन जेल के अंदर से भी अपने गैंग को चला रहा है.

## मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के पूर्व जेलर पर करवा चुका है हमला

अपराधी अमन साहू ने गिरिडीह जेल में बंदी के दौरान वहां के जेलर और मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में रहे तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार पर हमला करवाया था. जेल से कोर्ट जाने के दौरान उन पर तीन गोली चलाई गई थी. हालांकि इस घटना में जेलर प्रमोद कुमार बाल बाल बचे थे. इस घटना के बाद अमन साहू को गिरिडीह जेल से सिमडेगा जेल भेजने का निर्णय लिया गया था.

## लगाम लगाने के लिए लगातार जेलों में शिफ्ट करने की कार्रवाई

अमन साहू पर लगाम लगाने के लिए लगातार एक जेल से दूसरे जेल में शिफ्ट करने की कार्रवाई की जा रही है. पिछले चार महीने के दौरान अमन साहू को तीन जेलों में शिफ्ट किया गया है. 23 जुलाई 2022 को गिरिडीह जेल से अपराधी अमन को सिमडेगा जेल ड्रोजा गया. सुरक्षा कारणों से उसे गत 17 सितंबर को पलामू में मेदिनीनगर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया. अमन साहू ने पलामू के मोहम्दगंज में पिछले साल रेलवे का थर्ड लाइन बना रही कंपनी अशोका बिल्डकोन के कैंप कार्यालय पर गोलीबारी कर अमन साहू चर्चा में आया था.

# सरकार आपके द्वार के जमीनी क्रियान्वयन के लिए अविनाश देव पहुंचे लहरबंजारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लाभ से वंचित झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में बसे गरीबों तक योजना के लाभ पहुंचाने के लिए हेमन्त सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹कार्यक्रम चला कर अपने मुलाजिमों को जरूरतमन्दों के दरवाजे तक भेज रही है। योजना लाभुकों तक पहुंचे इसके लिए हेमन्त सरकार अपने पार्टी के जिम्मेदार कार्यकताओं को निष्पादन शिविरों तक भेज रही है ताकि किसी प्रकार का गड़बड़ी न हो सके। इसी सिलसिले में आज उंटारी रोड प्रखण्ड के लहर बंजारी पंचायत,पांडू प्रखण्ड के डाला पंचायत शिविर में माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने शिरकत किया। सम्बंधित पदाधिकारियों से मिला हालचाल जाने फिर लाभुकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार आपके लिए आज अपने पदाधिकारियों को आपके दरवाजे तक भेजी है। किसी प्रकार का कोई काम छूटने नहीं पाए नहीं तो फिर नौकरशाहों के दफ़्तर का चक्कर लगाते चपल घिस जाएगा या फिर योजना की बलि चढ़ जाएगी। इसीलिए पार्टी की ओर से प्रभारी नियुक्त कर निरीक्षण हेतु हम भी आपके दरवाजे पर आए हैं ताकि योजना का सही सही कार्यान्वयन हो सके। हेमन्त सरकार गरीबों की पार्टी है माटी की पार्टी है आंदोलन की पार्टी है जो हमेशा गरीबों के हक के लिए लड़ती है। आप सबों को अफसरों बिचौलियों दलालों से डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि हेमन्त हैं तो हिम्मत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी अफसर रब्बानी, उटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, कार्यकर्त्ता इरफान आलम समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

# पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा पुनर्स्थापना को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक स्वर्गीय हरिहर सिंह की प्रतिमा को पुर्नस्थापना को लेकर हरिहर सिंह प्रतिमा स्थापना समिति के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवासीय धरना कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुराई यादव ने किया।संचालन समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविंद्र कुमार सिंह ने कहा की स्वर्गीय हरिहर बाबू हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक महान विभूति थे। उनकी प्रतिमा पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में स्थापित कर उस जगह का नाम हरिहर चौक रखा था। लेकिन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य होने से उस प्रतिमा को हटाया जाना है।समिति के लोग शहर के विकास के साथ है, लेकिन उक्त प्रतिमा को पुनः स्थापित करने का जवाबदेही स्थानीय प्रशासन का है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि सर्व समाज के जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए स्थानीय प्रशासन प्रतिमा को उचित स्थान पर स्थापित किया जाए।कार्यक्रम के अंत मे महामहिम राज्यपाल के नाम सीओ को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में प्रतिमा को पुनर्स्थापित करने, बन रहे ओवरब्रिज का नामकरण हरिहर सिंह ब्रिज रखने की मांग की है।मौके पर प्रेमतोष सिंह,अखिलेश मेहता,भुनेश सिंह, रामप्रवेश सिंह, मिथिलेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह,मुन्ना कुमार देव,बिंदेश्वरी यादव, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, मृत्युंजय सिंह, जाफर इमाम,विजय सिंह ,अयोध्या सिंह,अशोक कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह,ज्ञानी यादव, फिरोज अहमद, जुबैर अहमद,कुंदन सिंह,विनोद कुमार सिंह रणविजय सिंह,जितेंद्र सिंह, अजीत कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# हत्या की योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले की चैनपुर थाना पुलिस ने हत्या की एक योजना को विफल करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव स्थित भौजी बाजार से गिरफ्तार किया गया है. अपराधियों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और एक गोली बरामद की है. आरोपियों में दो चैनपुर के जबकि दो पाटन के रहने वाले हैं. चैनपुर थाना में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जयनगरा के भौजी बाजार के पास से चार लोग हथियार-गोली के साथ बैठे हैं एवं किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं. सूचना पर छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम के द्वारा जयनगरा इलाके में छापामारी की गयी. इस क्रम में चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक गोली, बुलेट मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामद किया गया. थाना प्रभारी ने बताया गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान चारों ने किसी व्यक्ति की हत्या करने के बारे में जानकारी दी. यह भी कहा कि इसके लिए ही पिस्तौल और गोली रखे हुए थे. चारों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### इनकी हुई गिरफ्तारी

चैनपुर के तालापारा के शंकर चौधरी के पुत्र सकेन्द्र चौधरी (25वर्ष) एवं स्व. बालमुकुंद चन्द्रवंशी का पुत्र विशाल कुमार (20वर्ष), पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की मेराल के स्व. राजेन्द्र सिंह का पुत्र छोटू सिंह (20वर्ष) एवं इसी इलाके के स्व. पैरू सिंह का पुत्र रूपेश्वर सिंह (24वर्ष) की गिरफ्तारी हुई है. इनमें सकेन्द्र चौधरी का अपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ चैनपुर थाना में कांड संख्या 19/22 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है. चौरसिया फ्यूल पंप तालापारा के पास से गत 7 फरवरी 2022 को हथियार और गोली के साथ पकड़ा गया था. गिरफ्तारी टीम में चैनपुर थाना प्रभारी के अलावा पु.अ.नि. अमन कुमार, अक्षय कुमार, स.अ.नि. राजीव कुमार, सुधीर कुमार, राजेश कुमार शर्मा और रिजर्व गार्ड शामिल थे.

# एसआरएम चित्रांश प्राइवेट आइटीआइ के शिविर में 93 बेरोजगारों को मिला रोजगार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के एसआरएम चित्रांश प्राइवेट आईटीआई संस्थान में शनिवार को रोजगार मेला का अयोजन किया गया। जिसमे कैंपस सलेक्शन का आयोजन हुआ। इस दौरान 150 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।वहीं एम/एस एसकेएच वाई टेक टेक्नोलॉजी एलटीडी, रेसिक, स्नान्द एलटीडी, गारिया इंटरप्राइजेज, इंजीनिरिंग पीवीटी एलटीडी, सोनवोपा इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्लेश्मेन्ट ऑफिसर विष्णु यादव और हर्ष भारद्वाज ने बारी से सभी को इंटरभ्यु लिया। जिसमें 93 प्रशिक्षुओं का चयन किया गय। संस्था के प्राचार्य चंदन प्रजापति ने बताया कि संस्थान प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित प्रशिक्षु 1 नवंबर से कंपनी में योगदान देगें। चयनित छात्रों को प्रारंभिक 15 दिनों का प्रशिक्षण देने के बाद सभी को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लगया जाएगा।इस दौरान शिक्षक विनीत कुशवाहा, बिट्टू पाठक,प्रदीप यादव, अनिश कुमार, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत के पास अपने चोटिल खिलाड़ियों की कमी को पूरा करने के लिए बेंच स्ट्रेंथ है : रोहित शर्मा

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सातवीं बार जीता एशिया कप का खिताब, फाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया



**सिलहट।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने महिला एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार खिताब अपने नाम किया। श्रीलंका ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 65 रन बनाए, जवाब में भारत ने 8.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर मैच जीत लिया। 66 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने तेज शुरूआत दिलाई। विशेषकर मंधाना ने काफी आक्रामक रूख अपनाया। दोनों ने 3.3 ओवर में 32 रन जोड़े। इसी स्कोर पर शेफाली 5 रन बनाकर इनोका रानाविरा की शिकार बनीं। इसके बाद बल्लेबाजी करने आईं जेमिमाह रोड्रिगेज कुछ खास नहीं कर सकीं और केवल 2 रन बनाकर कविशा दिलहारी का शिकार बनीं। हालांकि यहां से स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और 8.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। स्मृति 25 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के की बदौलत 51 और कौर 11 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 65 रन बनाए। श्रीलंकाई बल्लेबाजों की भारतीय गेंदबाजों के आगे एक न चली और टीम ने केवल 9 रनों पर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (06), हर्षिता माडवी (01) अनुष्का संजीवनी (02) और हसिनी परेरा (00) के रूप में चार विकेट खो दिये। श्रीलंकाई टीम के विकेट खोने का सिलसिला यहीं पर नहीं रूका और टीम ने 16 ओवर में केवल 43 रन पर नौ विकेट खो दिये। केवल इनोका रानाविरा और ओशादी रानासिंघे ही कुछ संघर्ष कर सकीं। रानाविरा ने नाबाद 18 और रानासिंघे ने 13 रन बनाए। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर केवल 65 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से रेणुका सिंह ने तीन, राजेश्वरी गायकवाड़ और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। बता दें कि यह भारत का सातवां एशिया कप खिताब है। इस टूर्नामेंट के 8 संस्करणों में से भारत केवल 1 बार वर्ष 2018 में हारा है, तब बांग्लादेश ने भारत को हराकर खिताब जीता था। इस बार के टूर्नामेंट में भी भारत को केवल पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है, बाकी सारे मैचों में भारत ने जीत दर्ज की है।

# मिसाइल मैन के जन्मदिन पर एके सिंह कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एके सिंह कॉलेज जपला में आइ०क्यू०एसी0 के तत्वाधान में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ० अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसका विषय था ₹मिसाइल मैन डॉक्टर ए०पी०जे० अब्दुल कलाम का प्रेरक व्यक्तित्व।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मिसाइल मैन का मानवता सरलता एवं सादगी से परिपूर्ण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित करना था। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य - सह अध्यक्ष आइ०क्यू०एसी० सूर्य मणि सिंह ने की।मौके पर आइ०क्यू०एसी० के समन्वयक डॉ० राम सुभग सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा ग्रहण करने के बावजूद अपनी मौलिकता बनाए रखना चाहिए। जिसके लिए अपने आलोचनात्मक विवेक को हमेशा जागृत रखना होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया।मौके पर डॉ आलोक रंजन कुमार, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं में शुभम भारती ने बहुत ही अच्छा व्याख्यान दिया। इसके अलावा व्याख्यान देने वाले विद्यार्थियों में प्रमुख नाम इस प्रकार हैं - प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, खुशबू, आलोक कुमार एवं अनुज कुमार। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। प्राचार्य ने बताया कि 20 अक्टूबर को निर्धारित विचार गोष्ठी का विषय है लैंगिक असमानता : समस्या और समाधान। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अधिकतम भागीदारी की अपील की है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदन नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर सदन नृत्य प्रतियोगिता के आयोजन पर प्राचार्य डां एके सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अन्तर सदन के इस प्रतियोगिता का मुख्य ध्येय बच्चों के बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करना है। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी सदन क्रमशः बायरन, इलियट, शेक्सपीयर एवं कीट्स के लगभग 350 छात्र तथा छात्राओं नृत्य प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों ने काफी सुंदर और मनमोहक प्रदर्शन किया। जिसके उपरांत विद्यालय के नियुक्त निर्णायक दल के द्वारा सोमवार को परिणाम घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह के द्वारा प्रत्येक सदन की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई एवं भविष्य में उम्दा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात उन्होनें सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय के छात्रों को अनुशासन, सदाचार, सदभावना एवं देशभक्ति को अपने हृदय में जगाने का संदेश दिया, हमें भी स्वामी विवेकानन्द की तरह महान सहृदय एवं संस्कारी बनना चाहिए। अपने राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। देश की सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं होती। साथ ही उन्होनें यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेने से छात्रों की मानसिक क्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। छात्रों के मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि चाहे नृत्य हो, या खेलकूद या कोई अन्य प्रतियोगिता हो, जीवन के सुख-दुख या उतार-चढ़ाव को सहने की शक्ति प्राप्त होती है। बच्चों के सृजनात्मक रूपों की प्रशंसा करते हुए उन्होनें बच्चों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होनें कहा कि अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन से ही हम सफलता के सोपान को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# हरिहरगंज नप में बिखरे कूड़े कचड़े स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं : राजीव रंजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में जगह-जगह पर बिखरे कूड़े कचड़े स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं।उक्त बातें युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि महीनों से शहर में साफ सफाई का कार्य बन्द रहने से कारन हर जगह पर कूड़ा जमा हो गया है। सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इसका खामियाजा नगर पंचायत वासियों को भुगतना पड़ रहा है। गंदगी से परेशान नगरवासी इसकी शिकायत सबंधित अधिकारियों से कई बार कर चुके हैं। लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। जिससे संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं।वहीं कई ऐसे स्थान है जो सफाई नहीं होने के कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। श्री रंजन ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों को सुविधा के नाम पर ठगा जा रहा है। स्वच्छता के प्रति नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मियों का ध्यान नहीं है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कराना तो ठीक है। परंतु उससे भी महत्वपूर्ण है गंदगी का सफाई कराना। आने वाले दीपावली व छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मौके पर भी सभी गली-मोहल्ले की सफाई नहीं कि जाती है।युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द ही साफ सफाई कार्य शुरू नहीं कराया गया तो, चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। मौके पर गोपाल प्रसाद, शंभू यादव, पिंटू मिश्रा, पंकज कुमार, अभय कुमार, छोटू कुमार, अजय कुमार, शिवपूजन मेहता, रितिक रोशन, अशोक कुमार, शशि कुमार, भोला शर्मा, अवधेश मेहता, गोलू सिंह, विनोद पासवान, संतोष कुमार, राजू साव, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिले में 28 अक्टूबर को भंडारित बालू की होगी नीलामी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला खनन विभाग के द्वारा पलामू में भंडारित बालू की नीलामी को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गयी है।खनन विभाग की ओर से पलामू के पांच स्थलों पर भंडारित बालूं की नीलामी को लेकर निविदा निकाली गयी है।जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने भंडारित बालू की नीलामी संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर पलामू के पांच भंडारित बालू की नीलामी को लेकर प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है,भंडारित बालू की नीलामी को लेकर 28 अक्टूबर को बालू भंडारित नीलामी उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि भंडारित बालू की नीलामी के लिए विभाग के द्वारा सर्शत नियम बनाए गए है,शर्त पूरा करने वाले संवेदक नीलामी में भाग ले सकते है।उन्होंने बताया कि लगभग 63000 घनफुट भंडारित बालू की नीलामी की जाएगी।उन्होंने कहा कि निविदा में भाग लेने वाले संवेदको को भारत एवं राज्य सरकार के द्वारा बनाए गए कोविड 19 के नियमों को पालन अनिवार्य होगा।

# कैबिनेट निर्णय पर सीएम नवीन पटनायक का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रिय भाइयों और बहनों, आप सभी को नमस्कार। आपके आशीर्वाद से 2000 में मुझे ओडिशा मां की सेवा करने का अवसर मिला। महावात्या के बाद की स्थिति और कमजोर आर्थिक स्थिति मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। राज्य ओवरड्राफ्ट पर चल रहा था। सरकार को दिन-प्रतिदिन के खर्च के लिए रिजर्व बैंक पर निर्भर रहना पड़ता था। यह ओड़िशा की अर्थव्यवस्था के लिए एक खराप समय था। खजाना खाली था। अर्थव्यवस्था पर बहुत दबाव था। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि, सिंचाई आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बहुत पिछे थे। बाढ़ और सूखा (मरूड़ी) जारी रहा और गरीबों की संख्या बहुत अधिक थी। सीमित संसाधनों में इन क्षेत्रों में सुधार करना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उस समय नियुक्ति पूरी तरह से बंद थी। सभी पदों को हटाना पड़ा। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था। मेरे राज्य के बच्चे रोजगार की कमी से पीड़ित थे। इसने मुझे बहुत दुखी किया। मैं रोज सोच रहा था कि कब हालात सुधरेंगे और हमारे बच्चों को नियमित रोजगार मिलेगा। आपका सहयोग और प्रभु का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अच्छे वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के माध्यम से ही स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ। हमने 2013 से चुक्ति भीतिक नियुक्ति शुरू की थी। मेरे लिए भी यह एक मुश्किल फैसला था। अब हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है। विकास के मामले में ओड़िशा ने पूरे देश में एक नई पहचान बनायी है। पिछले साल हमने इस चुक्ति भीतिक नियुक्ति को प्रारंभिक नियुक्ति में बदल दिया। आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आज कैबिनेट में चुक्ति भीतिक नियुक्ति व्यवस्था को हमेशा के लिए समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। कई राज्यों में अभी भी नियमित भर्तियां बंद हैं। चुक्ति भीतिक नियुक्ति (संविदा) भर्ती का कार्य प्रगति पर है। ओडिशा में चुक्ति भीतिक नियुक्ति (संविदा) रोजगार का युग समाप्त हो गया है। संविदा पर सभी नियुक्तियां नियमित होंगी। मैं इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहा था। अधिसूचना कल जारी की जाएगी। 57 हजार से अधिक कर्मचारियों को नियमित किया जायेगा। इसके लिए औसतन 1300 करोड़ से अधिक खर्च किये जायेंगे। यह उनके परिवारों के लिए एक नया दीपावली लेकर आ रहा है। आज ओडिशा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। सशक्त बनरहा है यह ओडिशा के इतिहास का एक सुनहरा क्षण है। सरकारी कर्मचारियों से मेरा अनुरोध है कि आप सब अच्छा काम करें। दृढ़ निश्चय के साथ लोगों की सेवा करो। जिम्मेदारी को पूरा करने में, 5 टी सिद्धांतों का पालन करें - टीम वर्क, प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और परिवर्तन को ध्यान दीजिये। सरकार की पहचान बढ़ायें और ओडिशा के परिवर्तन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

## कल हैदराबाद में इनवेस्टर ओड़िशा सम्मेलन में भाग लेंगे नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर।** मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2022 से पहले राज्य सरकार देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में रोड शो का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इस महीने की 17 तारीख को हैदराबाद में होने वाले निवेशक सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार और उद्योग संघ एफआइकेआइ के बीच एक संयुक्त उद्यम में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का 16 को हैदराबाद का दौरा करने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री की टीम में उद्योग मंत्री प्रताप केशरी देव, प्रमुख सचिव सुरेश चंद्र महापात्र, प्रमुख सचिव उद्योग विभाग हेमंत शर्मा, आईटी सचिव मनोज कुमार मिश्र, स्टार्टअप ओडिशा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ ओंकार राय, ओपिकल और इडको के अध्यक्ष शामिल हैं। मुख्यमंत्री 17 को गवर्नमेंट टू बिजनेस बैठक में निवेशकों से सीधे चर्चा करेंगे। शाम को हैदराबाद के बंजार हिल स्थित होटल ताज कृष्णा में ओडिशा निवेशक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री मेक-इन ओडिशा से जुड़ने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। रोड शो राज्य के आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, फार्मास्युटिकल, टेक्सटाइल, अपैरल, ईएसडीएम, डेटा सेंटर, फूड प्रोसेसिंग और सवूज ऊर्जा क्षेत्रों में संभावनाओं की ओर निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेगा। विशेष रूप से, राज्य सरकार पहले ही मुंबई और बेंगलोर में सफलतापूर्वक रोड शो आयोजित कर चुकी है।

# मेडिकल नीट में सफल छात्रों को गोल का सम्मान




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड और बिहार के साथ ही कोयलांचल में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल ने आज द-रीट के सभागार में लगभग 40 सफल छात्रों को सम्मानित किया । उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित लगभग 400 छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे पर उत्साह, उमंग एवं संतुष्टि के भाव दिख रहे थे। बतौर मुख्य अतिथि धनबाद एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ ज्योति रंजन प्रसाद ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की एवं गोल संस्थान की सहारना करते हुए कहा कि कोयलांचल में मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह संस्थान वरदान साबित हो रही है। विशिष्ट अतिथि पाटलीपुत्रा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर निर्मल ड्रोलिया ने कहा कि धनबाद जैसे छोटे जगह से हर वर्ष इतनी संख्या में खासकर मेडिकल में सफलता दिलाना काबिले तारीफ है। विशेष अतिथि पीएमसीएच धनबाद के प्रोफेसर व डॉ एके ठाकुर ने बताया कि गोल से हमारा बहुत गहरा रिश्ता है। मेरा बेटा डॉ कुणाल ठाकुर भी यहीं से थे । नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को उन्होंने ने भरोसा दिलाया कि आपका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। कोयलांचल में इएनटी के विख्यात चिकित्सक श्री ठाकुर ने कहा कि गोल के मार्गदर्शन के बताए गए रास्तों को अपना कर इस कठिन परीक्षा में सफल होना आसान है। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा कि 25 वर्षों से हमारे संस्थान के छात्रों ने लगातार अपनी सफलता का परचम लहराते हुए मेडिकल की तैयारी के लिए पूर्वी भारत का नंबर 1 संस्था बनाया है, जो हमें गौरवान्वित किया है।

गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि यह गर्व का क्षण, जब कोयलांचल में लगभग 20 वर्षों से हमारे संस्थान से हर वर्ष एक बड़ी संख्या में छात्र सफल होकर समाज एवं राष्ट्र को चिकित्सकीय सेवाएं दे रहे हैं। जबकि गोल से अब तक लगभग 16 हजार छात्र देष के साथ विदेशों में भी अपनी सफलता का परचू लहरा रहे हैं। गोल के पूर्व छात्र डॉ प्रतिक शरण, डॉ रविशंकर, डॉ रितेष रंजन ने भी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं आने वाले समय में समाज की उम्मीदों पर खरे उतरने की बात कही। सम्मानित होने वाले छात्रों में सत्यम, राखी, वैष्णवी, सारिक, पूनम, विष्णु, कुमकुम, अकांक्षा, किरण, विवेक, श्रैया, सौरभ सागर, अर्चना भारती, राहुल, रूही प्रिया, खुषबु, श्रुति, रविरंजन, लक्ष्य, म्रिणाल, दिक्षा, पल्लवी, सेजल, पुष्पा, सिमरन सेन, नेहा, अभिजीत, विषाल, स्नेहा, शालिनी, निपुन एवं इंजिनियरिंग सेक्सन से हिमांषु, प्रिया, जतिन, प्राची आदि शामिल हैं । मंच का संचालन संजय आनंद एवं आनंद वत्स ने किया । प्रोग्राम को सफल बनाने में दीपक कुमार, भारती सिन्हा, पूजा, रानी, अरुण कुमार, सुनील कुमार, उमेश कुमार, दिलीप कुमार, बंटी, निकेत, काली सिंह एवं अभिषेक कुमार की अहम भूमिका रही।

# वनवासी कल्याण केंद्र का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज गेतलसूद में वनवासी कल्याण केंद्र का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ। सम्मेलन का उदघाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं वनवासी कल्याण केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराडी ने किया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातिय समुदाय का अब तक अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। इस स्थिति में जनजातिय समुदाय के विकास में लगे संगठनों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सरकार ने हमारे अधिकारों के संवर्धन के लिए विभिन्न कानुनों का निर्माण किया है। हमें जागरूक रह कर अपने विकास पर विचार करना होगा। अपनी संस्कृति, संस्कार, जीवन पद्धति, भाषा, परंपरा एवं विरासत को संजोए रखना है। मौके पर उन्होंने कहा कि 700 से अधिक वर्गों में विभाजित जनजातिय समुदाय का अपेक्षित विकास के लिए अटल विहारी वाजपेयी सरकार में 10.5 करोड़ जनजातियों के विकास के लिए जनजातिय मंत्रालय का गठन किया गया। सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ सूखी उरांव, जैलेन्द्र कुमार, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, पवन मंत्री, डॉ अमर कुमार चौधरी, रिझु कच्छप, सुदन मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, ओपी अग्रवाल, आरती कुजुर, मेधा उरांव, विनित लाल, विमल उपाध्याय, देवनंदन सिंह, कैलाश उरांव, नंदलाल सोरेन, लोरिया उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, दत्ता हांसदा, विंदेश्वर साहू, सुशील मरांडी, कैलाश उरांव, तुलसी महतो, तुलसी गुप्ता, कामेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# जेएसपी फाउंडेशन का उत्कर्ष अंगुल के सत्यव्रत के लिए पथप्रदर्शक बना



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल जेएसपी फाउंडेशन के उत्कर्ष कार्यक्रम के छात्र श्री सत्यब्रत महापात्र ने ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा 2020 पास की है। सत्यब्रत के पिता अंगुल बस स्टैंड में हकर के रूप में काम कर रहे है । उनके बेटे जो की शारीरिक रूप से अक्षम है । सत्यव्रत ने 279 रैंक के साथ इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास किया। जेएसपी अंगुल के कार्यकारी निदेशक और स्थान प्रमुख हृदयेश्वर झा ने ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित किया और भविष्य के प्रयासों में उनकी सफलता की कामना की। अंगुल के श्रीकांत महापात्र और सुमित्रा महापात्र के पुत्र श्री सत्यब्रत महापात्र ने शारीरिक अक्षमता और परिवार की खराब आर्थिक स्थिति की चुनौतियों से लड़ते हुए यह सफलता हासिल की। एक बाएं हाथ हे लेकिन मेधावी सत्यव्रत ने अपने शैक्षिक करियर के दौरान छात्रवृत्ति के साथ अपनी पढ़ाई का प्रबंधन किया। उन्होंने ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से कृषि में स्नातक की डिग्री पूरी की है। वह जेएसपी फाउंडेशन के उत्कर्ष में शामिल हो गए, जो गुरुकुल फाउंडेशन के आईएएस गुरुकुल के सहयोग से मुफ्त सिविल सेवा कोचिंग कक्षाएं प्रदान करता है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल द्वारा जेएसपी फाउंडेशन के संदेश के उद्घाटन शब्दों से प्रेरित होकर सत्यव्रत ने फाउंडेशन के समर्थन से अपनी शारीरिक चुनौतियों से बेपरवाह होकर कड़ी मेहनत की। कोचिंग प्रोग्राम के मेंटर्स ने सत्यव्रत को ओडिशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रारंभिक, लिखित और मौखिक परीक्षा के लिए सफलतापूर्वक तैयारी करने में मदद की। सत्यब्रत ने कहा कि यह मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मैं जल्द ही आईएएस के लिए प्रयास करूंगा। मैं जेएसपी फाउंडेशन का आभारी हूं, जो गुरुकुल फाउंडेशन के आइएएस गुरुकुल के सहयोग से ओडिशा के उम्मीदवारों की मदद कर रहा है।

## भारतीय आर्थिक संघ का 105वां वार्षिक सम्मेलन दिसंबर में



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय आर्थिक संघ का 105 वां वार्षिक सम्मेलन 27-29 दिसंबर 2022 को झारखंड के रांची में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। भारतीय आर्थिक संघ के अध्यक्ष के रूप में एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और मानववादी डॉ अच्युत सामंत ने ने 13 अक्टूबर 2022 को भुवनेश्वर में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के मुख्य संयोजक डॉ अनिल कुमार ठाकुर की उपस्थिति में भुवनेश्वर में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105वें वार्षिक सम्मेलन के न्यूजलेटर का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में कार्रवाई और नीतिगत सुझावों का कुछ खाका सामने आएगा जो नीति निमार्ताओं के लिए आम आदमी की समस्याओं को सुधारने के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि विकास समावेशी हो और कोई भी पीछे न छूटे।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**